## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## एमजीएम कॉलेज में बलराम जयंती पर कृषि महोत्सव, वृक्षों को बांधा रक्षासूत्र



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बलराम जयंती के अवसर पर कृषि महोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टाफ ने वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लिया।

प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कृषि महाविद्यालय पावरखेड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार मौजूद रहे। उन्होंने जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य, पशुपालन और फसल चक्र के वैज्ञानिक पहलुओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम में सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी अंकित शर्मा ने उन्नत बीजों के महत्व और बीज प्रमाणीकरण को व्यवसाय के रूप में अपनाने से जुड़ी सरकारी अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी (केसला) कृष्ण कुमार रघुवंशी ने भगवान बलराम को प्रथम कृषि वैज्ञानिक बताते हुए भारतीय कृषि में उनके योगदान और उद्यानिकी फसलों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मनीष चौरे और आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि तिवारी ने किया।

## आठनेर कॉलेज में बलराम जयंती मनाई

**आठनेर, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय आठनेर में प्राचार्य डॉ. सरोज पाटील के मार्गदर्शन में आज दिनांक 02 सितम्बर 2026 को भगवान बलराम जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बजराम के छायाचित्र एव्र प्रतीक चिन्ह (हल) पर प्रभारी प्राचार्य डॉ वर्जिनिया दवंडे द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम व्याख्यान डॉ गजानंद ठाकरे द्वारा भगवान बलराम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाष डाला एवं चलचित्र के माध्यम से भगवान बलराम के जीवन चरित्र का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ शिवशंकर भरतपुरे एवं डॉ विकेश कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ साधना ठाकुर, डॉ सुरेन्द्र जितपुरे, डॉ. निर्मल कुमार बिश्वास, डॉ निलेश धुर्वे, प्रो आशीष धोटे, प्रो हरिकिशन कोगे, गौतम उबनारे, अजय धुर्वे एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो प्रमोद गायकवाड़ द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन डॉ शिवशंकर भरतपुरे द्वारा किया गया।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नगर अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा म.प्र के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदेश अध्यक्ष बलवीर यादव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव की मंशानुसरा यादव समाज की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए संस्कृतिक प्रदेश अध्यक्ष मुकेश यादव की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव द्वारा नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त मनीष यादव नर्मदापुरम, केशव यादव सिवनीमालवा, राजू यादव इटारसी, सुरेश यादव माखननगर, गणेश यादव पिपरिया, सुनील यादव बनखेड़ी, नीरज यादव सोहागपुर, गोविंद यादव पचमढ़ी, उमा शंकर यादव डोलरिया की नियुक्ति की गई।

## मुस्लिम नव जवान कमेटी का प्रतिभा सम्मान समारोह आज, पटेल आएंगे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुस्लिम नव जवान कमेटी नर्मदापुरम के तत्वावधान में आज नगर की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करने भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ.सनवर पटेल कैबिनेट मंत्री,म.प्र. वक्फ बोर्ड, विशेष अतिथि डॉ सीताशरण शर्मा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व विधायक पं.गिरजा शंकर शर्मा, नीतू महेंद्र यादव नगर पालिका अध्यक्ष ,पीयूष शर्मा अध्यक्ष, म.प्र.तैराकी संघ, भूपेंद्र चौकसे जनपद अध्यक्ष और शहर क़ाज़ी अशफ़ाक साहब सहित प्रबुद्ध जन शिरक़त करेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक आमीन राईन ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार होनहार छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु होता है।

### तवा बांध नहीं छू सका जुलाई का भी 'गवर्निंग लेवल', हालांकि भारी बारिश का अलर्ट तो जारी हुआ है....

# क्या आगामी बारिश बुझाएगी फसलों की प्यास? जिले के किसानों के चेहरे पर दिख रही चिंता की लकीरें

*इटारसी, देशबन्धु।* *जिले और आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष मानसून की बेरुखी ने किसानों और प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। नर्मदापुरम और हरदा जिले में हरित क्रांति का आधार माने जाने वाले 'तवा बांध' का जलस्तर इस वर्ष निराशाजनक स्थिति में है। हालात यह हैं कि सितंबर का महीना शुरू हो चुका है, लेकिन बांध अब तक जुलाई माह के लिए निर्धारित जलभराव के लक्ष्य (गवर्निंग लेवल) को भी नहीं छू पाया है। लेकिन 02 सितंबर 2026 को सुबह 8 बजे प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, तवा बांध का वर्तमान जलस्तर मात्र 1154.40 फीट पर अटका हुआ है। इसका सीधा अर्थ है कि बांध अपने 31 अगस्त के तय लक्ष्य (1163 फीट) से 8.6 फीट पीछे है और जुलाई के न्यूनतम लक्ष्य (1158 फीट) से भी 3.6 फीट खाली है।*



***फुल कैपेसिटी से 11.6 फीट खाली है तवा डैम*** *: तवा बांध की अधिकतम भराव क्षमता 1166.00 फीट है। वर्तमान लेवल (1154.40 फीट) को देखते हुए बांध अभी पूर्ण जलभराव से लगभग 11.6 फीट खाली है। यदि आने वाले दिनों में बांध नहीं भरता है, तो रबी सीजन की आगामी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई का पानी देना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन जाएगा।*

***आईएमडी का पूर्वानुमान : क्या कैचमेंट एरिया में होगी मेहरबानी?*** *: तवा बांध का पूरा जलभराव मुख्य रूप से नर्मदापुरम के पचमढ़ी और बैतूल जिले के कैचमेंट (जलग्रहण) क्षेत्रों में होने वाली बारिश पर निर्भर करता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, किसानों के लिए एक उम्मीद की किरण जागी है।*

*आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2 से 8 सितंबर के बीच पश्चिमी और पूर्वी मध्य प्रदेश जिसमें नर्मदापुरम और बैतूल शामिल हैं, में अच्छी बारिश का दौर सक्रिय रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बैतूल और नर्मदापुरम सहित कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

*यदि पचमढ़ी और बैतूल के पहाड़ी और जंगली क्षेत्रों में आने वाले दिनों में यह संभावित मूसलाधार बारिश होती है, तो तवा बांध के जलस्तर में तेजी से इजाफा देखने को मिल सकता है। फिलहाल, किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं और प्रशासन बांध के जलस्तर व कैचमेंट एरिया में होने वाली हर हलचल पर पैनी नजर बनाए हुए है।*

### आंकड़े दे रहे हैं गवाही : लक्ष्य से काफी पीछे है जलस्तर

बांध प्रबंधन के अनुसार, मानसून के दौरान बांध में पानी का भराव एक निश्चित लक्ष्य के तहत किया जाता है।

**31 जुलाई का लक्ष्य :** 1158 फीट (76.77 प्रतिशत)
**15 अगस्त का लक्ष्य :** 1160 फीट (82.80 प्रतिशत)
**31 अगस्त का लक्ष्य :** 1163 फीट (90.80 प्रतिशत)
**15 सितंबर का लक्ष्य :** 1165 फीट (96.95 प्रतिशत)
**30 सितंबर का लक्ष्य :** 1166 फीट (100 प्रतिशत)

### अन्य प्रमुख जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति

**अन्य प्रमुख जलस्त्रोतों की स्थिति : सेठानी घाट :** अधिकतम लेवल 967.00 फीट के मुकाबले वर्तमान लेवल 939.10 फीट है।

**बरगी बांध :** यह बांध लगभग अपनी पूर्ण क्षमता के करीब है (वर्तमान 421.85 मीटर, अधिकतम 422.76 मीटर)।

**बारना बांध :** अधिकतम 348.55 मीटर के मुकाबले 346.87 मीटर पर है।

# बड़ा बदलाव : ऑटो के लिए वन-वे लागू सड़क किनारे पार्किंग और ठेले प्रतिबंधित

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे यातायात के दबाव और जाम की स्थिति से आमजन को राहत दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। थाना इटारसी और यातायात चौकी द्वारा स्टेशन क्षेत्र की ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था में अहम बदलाव करते हुए नई गाइडलाइन जारी की गई है। नई व्यवस्था के तहत ऑटो रिक्शा के लिए अब 'वन-वे' (एकतरफा) नियम लागू किया गया है, जबकि स्टेशन मार्ग पर सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग और ठेले लगाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।



नई यातायात व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को सुगम रास्ता उपलब्ध कराना और जाम की समस्या को खत्म करना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त चालानी कार्रवाई करेगी।

**नई यातायात व्यवस्था के मुख्य बिंदु : ऑटो रिक्शा के लिए वन-वे नियम :** नीलम होटल से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-01, जीआरपी थाने के सामने और माल गोदाम तक ऑटो सिर्फ सवारियां उतारने और बैठाने (पिक एंड ड्रॉप) का काम करेंगे।

**वापसी का मार्ग बदला :** स्टेशन पर सवारी उतारने के बाद ऑटो वापस नीलम होटल की तरफ नहीं जा सकेंगे। उन्हें आगे जाने या सवारी बैठाने के लिए जीआरपी थाने के बगल वाली सड़क (पोर्टर खोली) से होते हुए आरएमएस तिराहे की ओर से निकलना होगा।

**कार और बाइक को छूट :** पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह वन-वे नियम दोपहिया वाहनों और कारों पर लागू नहीं होगा। इनका आवागमन पूर्व निर्धारित यातायात व्यवस्था के अनुसार ही सामान्य रूप से चलता रहेगा।

**ठेले लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध :** यातायात को बाधित होने से रोकने के लिए नीलम होटल से लेकर प्लेटफार्म-01 और माल गोदाम तक सड़क किनारे और ऑटो स्टैंड के पास ठेले खड़े करने या लगाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**सड़क किनारे नो-पार्किंग जोन :** इस पूरे मार्ग पर अब सड़क के दोनों ओर दोपहिया, ऑटो, चार पहिया या मालवाहक वाहनों की पार्किंग नहीं की जा सकेगी। वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करना होगा।

**प्रशासन की अपील : सहयोग करें, कार्रवाई से बचें :** यातायात व्यवस्था में किए गए इस बदलाव को लेकर थाना इटारसी और यातायात चौकी पुलिस ने वाहन चालकों, दुकानदारों और शहरवासियों से सहयोग की अपील की है।

### इनका कहना है

नागरिक यातायात संकेतों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। यदि कोई वाहन चालक नई व्यवस्था का उल्लंघन करता हुआ या अनधिकृत रूप से सड़क किनारे पार्किंग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**महेन्द्र सिंह बघेल,** टीआई ट्रैफिक

## अतिक्रमण मुहिम में सिर्फ रस्म अदायगी, 8 दुकानदारों से वसूले 4 हजार रुपये



**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के मुख्य बाजार को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए बुधवार को नगर पालिका की टीम लंबे समय बाद सड़क पर उतरी। पूरे मुख्य बाजार में अतिक्रमण विरोधी दल ने केवल आठ ही ऐसे दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की।

**कार्रवाई का क्या रहा स्वरूप?** : बुधवार शाम करीब 4 बजे मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के नेतृत्व में यह अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू की गई।

नपा का अमला स्टेशन रोड स्थित एसीसी तिराहा से होते हुए पहली लाइन जय स्तंभ चौक तक पहुंचा। इस दौरान कई दुकानों की सामग्री और बोर्ड निर्धारित सीमा (नाली) से बाहर सड़कों पर रखे पाए गए, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। मौके पर सीएमओ द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी गई। इसके बाद टीम ने 8 दुकानदारों से कुल मिलाकर 4,000 रुपये का नकद जुर्माना वसूला।

शहर का मुख्य बाजार रोजाना भीषण ट्रैफिक जाम से जूझता है। पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं बचती। ऐसे में इतने बड़े बाजार में मात्र 8 लोगों पर मामूली नकद जुर्माना करना नपा की लचर कार्यप्रणाली की पोल खोलता है। सवाल यह है कि क्या इस टोकन कार्रवाई से शहर के रसूखदार अतिक्रमणकारी अपनी हद में रहेंगे?

### इनका क्या कहना है ....

शहर के सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी दुकान की सामग्री और बोर्ड निर्धारित स्थान (सीमा) के भीतर ही रखें। यदि भविष्य में दुकानों के बाहर गंदगी पाई गई या सामग्री निर्धारित स्थान से बाहर मिली, तो संबंधितों पर सीधे जुर्माने की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**सुरेखा जाटव,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इटारसी

## सेवा की ओर बढ़े कदमः सोनकर की पुण्यतिथि पर परिजनों ने रेडक्रॉस समिति को दिया दान



**इटारसी, देशबन्धु।** अपने परिजनों की स्मृति में अक्सर लोग कई तरह के आयोजन करते हैं, लेकिन इटारसी के एक परिवार ने समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और समाजसेवी रहे रमेश सोनकर की पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने प्रशासन की कल्याणकारी संस्था को आर्थिक सहयोग देकर एक अनुकरणीय पहल की है।

स्व. रमेश सोनकर के पुत्र राम शंकर सोनकर ने नर्मदापुरम पहुंचकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने पिता की स्मृति में रेडक्रॉस सोसायटी के लिए 5,000 रुपये की सहायता राशि का चेक कलेक्टर को सौंपा।

इस नेक कार्य के लिए नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोनकर परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परिजनों की स्मृति में समाज कल्याण के लिए किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। इस तरह के कदम समाज के अन्य लोगों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा बनेंगे, जिससे जरूरतमंदों की मदद के लिए रेडक्रॉस जैसी संस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

## खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन सेंट मैरीज के 3 छात्र

- हरदा में आयोजित एसजीएफआई चयन स्पर्धा में दिखाया दम, अंडर-14 और 17 वर्ग में लहराया परचम

**इटारसी, देशबन्धु।** खेल के मैदान से शहर के लिए एक और गौरवपूर्ण खबर आई है। सेंट मेरीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इटारसी के तीन होनहार विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर राज्य स्तरीय एसजीएफआई कराटे प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है।



**हरदा में आयोजित हुई थी चयन प्रतियोगिता** : गत 28 अगस्त को हरदा जिले में आयोजित चयन स्पर्धा में सेंट मैरीज स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। अंडर-14 आयु वर्ग में आर्यमान पंड्या एवं कृष उईके का चयन हुआ। अंडर-17 आयु वर्ग में अर्थ (अर्श) मेहरा ने अपनी जगह पक्की की।

**स्कूल परिवार ने दी बधाई और शुभकामनाएं :** विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकवृंद और साथी विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय परिवार ने उनके कठिन परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि तीनों छात्र राज्य स्तरीय स्पर्धा में भी अपनी छाप छोड़ेंगे और इटारसी का नाम रोशन करेंगे।

## जीनियस प्लानेट स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत छात्रों ने रोपे पौधे

**इटारसी, देशबन्धु।** सोनासांवरी बायपास स्थित जीनियस प्लानेट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आम, जामुन, बील और अमरूद सहित विभिन्न फलदार व छायादार पौधे रोपे। साथ ही, बच्चों ने इन पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी, प्राचार्य मनीता सिद्दीकी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्राचार्य ने वृक्षों को सुरक्षित भविष्य की नींव बताया, वहीं डायरेक्टर ने इस अभियान को बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम करार दिया। कार्यक्रम के जरिए समाज को पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं और पर्यावरण सुरक्षित बनाएं का सार्थक संदेश दिया गया।



## कुपोषण उन्मूलन के लिए प्रत्येक विकासखंड में होगी कार्यशाला, ऐसे बच्चों को चिन्हित कर देंगे विशेष ध्यान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला पोषण समिति की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न पोषण कार्यक्रमों एवं अभियानों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित पोषण कार्यक्रमों का लाभ जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम गर्भवती/धात्री हितग्राहियों के समग्र सत्यापन में प्रथम स्थान , एमएमबीएएसके कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत 06-09 माह के सेम बच्चों की समुदाय स्तर पर दवाईयों प्रदाय की स्थिति में द्वितीय स्थान एवं नवीन चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को एमएमबीएएसके कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन में प्रदेश में तृतीय स्थान पर है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले में चिन्हित सैम/मैम बच्चों की पोषण संबंधी समस्या को दूर करने के लिए प्रत्येक विकासखंड स्तर पर प्रत्येक माह में दो बार कार्यशाला आयोजित की जाए। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को निर्देशित किया कि कुपोषण उन्मूलन के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें।

उन्होंने कहा कि कुपोषण उन्मूलन के लिए जिले में चिन्हित किए गए बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाए। चिन्हित बच्चों को नियमित रूप से आवश्यक एवं पूर्ण पोषण उपलब्ध कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की निरंतर निगरानी की जाए।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पोषण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को निर्धारित पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की आवश्यक स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़े कायक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मैदानी अमले की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजीव शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी संजय जैन सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इटारसी से मायानगरी तक का सफर : अपने 'मेकअप आर्ट' से बॉलीवुड के दिग्गजों का दिल जीत रहे हैं हर्ष असनानी

*इटारसी, देशबन्धु।* *कस्बाई शहर इटारसी की शांत गलियों से निकलकर चकाचौंध और सपनों की मायानगरी मुंबई तक का सफर तय करना कभी आसान नहीं होता। हर रोज हजारों युवा अपनी आंखों में सुनहरे सपने लेकर मुंबई पहुंचते हैं, इनमें से कई इस विशाल महानगर की भीड़ में गुम हो जाते हैं, तो कुछ विरले ही ऐसे होते हैं जो अपनी लगन, हुनर और मेहनत से सफलता के नए सोपान तय करते हैं। ऐसी ही एक अनूठी और होनहार प्रतिभा का नाम है, हर्ष असनानी।*

***कच्ची उम्र में पक्के हुनर का प्रदर्शन*** *: इटारसी के युवा हर्ष असनानी इन दिनों मुंबई में एक पेशेवर 'मेकअप आर्टिस्ट' के तौर पर अपनी रचनात्मकता और हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। सौंदर्य और मेकअप की जिस बारीकी को सीखने में लोगों को सालों का वक्त लग जाता है, हर्ष ने अपनी कुशाग्र बुद्धि और कलात्मक कौशल से उसे बेहद कम समय में आत्मसात कर लिया है। सबसे खास बात यह है कि हर्ष का प्रशिक्षण (कोर्स) अभी पूरा भी नहीं हुआ है, लेकिन उनके हाथों में एक मझे हुए पेशेवर कलाकार जैसा जादू नजर आता है। उनके इसी बेहतरीन काम से मायानगरी के बड़े-बड़े उस्ताद खासे प्रभावित हैं।*

***30 साल के अनुभवी उस्ताद भी हुए मुरीद*** *: हर्ष वर्तमान में जिस प्रतिष्ठित एकेडमी से मेकअप की विधा और उसकी बारीकियों को निखार रहे हैं, वहां के चेयरमैन भी उनके काम के कायल हो गए हैं। अपनी कला के प्रति हर्ष के समर्पण ने उनके गुरुओं को भी चकित कर दिया है। मेरे तीस वर्षों के लंबे करियर में हर्ष ऐसा पहला युवा है, जिसने अपने असाधारण कौशल, धैर्य और कार्यक्षमता से मेरा दिल जीत लिया है। वह एक 'फास्ट लर्नर' है। कोर्स पूरा होने से पहले ही उसका काम इतने उच्च स्तर का है, जो इंडस्ट्री में बहुत कम देखने को मिलता है।*

***बॉलीवुड में अपार संभावनाएं और उज्ज्वल भविष्य*** *: ग्लैमर इंडस्ट्री और बॉलीवुड में एक उत्कृष्ट मेकअप आर्टिस्ट के लिए असीम संभावनाएं (स्कोप) मौजूद हैं। जिस तरह से हर्ष असनानी ने अपनी जादुई उंगलियों और ब्रश के तालमेल से मेकअप के क्षेत्र में दिग्गजों का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वह उनके बेहद उज्ज्वल भविष्य का स्पष्ट संकेत है। मायानगरी के आसमान में चमकने की राह पर निकल पड़ा इटारसी का यह सितारा, यकीनन आने वाले कल में सफलता के कई नए कीर्तिमान रचेगा ।*

## मिशन शक्ति : 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत पिंक लाइसेंस ड्राइव शिविर आयोजित, छात्राओं को दी गई समझाइश

*नर्मदापुरम।* *कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत बुधवार को शासकीय गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय में बालिकाओं को निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए जाने हेतु पिंक लाइसेंस ड्राइव शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 बालिकाओं का लर्निंग लाइसेंस हेतु पंजीयन कर उन्हें लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास तृप्ति त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय कुमार जैन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे, शासकीय गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य , प्राध्यापक सहित महाविद्यालय की बालिकाएं उपस्थित रहीं। संभागीय संयुक्त संचालक श्रीमती त्रिपाठी ने बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उनके समग्र कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बालिकाओं को सुरक्षित परिवहन एवं यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।*

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### 104 नए प्राथमिक शिक्षक, 7 तक चलेगी जॉइनिंग और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से जिले को 104 प्राथमिक शिक्षकों की सौगात मिली है। संचालनालय द्वारा जिले में पदस्थापना हेतु नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शासन स्तर से जिले में 100 प्राथमिक शिक्षक और 4 प्राथमिक शिक्षक विशेष शिक्षा के नियुक्ति आदेश जारी हुए हैं। जिले के 6 विकासखंडों में इन शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। जिला कार्यालय में इन शिक्षकों की जॉइनिंग प्रक्रिया 1 सितंबर से 7 सितंबर तक जारी रहेगी। जिला कार्यालय में दस्तावेजों के सत्यापन के बाद तत्काल ही शिक्षकों को नियुक्ति संस्था के लिए कार्यमुक्त किया जा रहा है, ताकि वे समय पर स्कूलों में अपनी उपस्थिति दे सकें। 1 सितंबर को 35 शिक्षकों ने जिला कार्यालय में ज्वाइन कर अपने आवंटित स्कूलों में उपस्थिति दी, जबकि 2 सितंबर को 48 शिक्षकों द्वारा ज्वाइनिंग की गई। 7 सितंबर तक शेष बचे सभी शिक्षकों की जॉइनिंग प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### भगवान बलराम जन्मोत्सव के साथ प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भगवान बलराम जी का जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ प्रशिक्षण वर्ग 2 और 3 सितंबर गत दिवस शाम 4 बजे पूजन अर्चन कर प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया एवं नारे गीत संगठन की रीति नीति को समस्त आगन्तुक के बीच रखा गया। सभी ने अपना परिचय देते हुये सत्र को आगे बढाया गया अलग अलग सत्र के माध्यम से संगठन की सदस्यता करणी कार्य आदि विषयों का प्रतिपादन किया गया।

### शिक्षाविद् महेश तिवारी का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन, जताया शोक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्र प्राध्यापक एवं शिक्षाविद् महेश तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत, महाविद्यालय परिवार और



परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। श्री तिवारी ने लंबे समय तक नर्मदा महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। प्राध्यापक महेश तिवारी डॉ अनुराग तिवारी के पिता और वरिष्ठ अधिकता अनंत तिवारी के ताऊजी हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास, नर्मदा निवास मंगलवारा से राजघाट के लिए रवाना हुई। यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध दर्ज किए 8 प्रकरण

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी श्री भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम साल्याखेड़ी, चिराखान, हेमापुर, खेड़ा तथा हरदा शहर के रेल्वे फाटक के पास वार्ड क्रमांक 30, पीलियाखाल व बंगाली कॉलोनी में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 35 पाव देशी प्लेन शराब, 8 पाव देशी मसाला शराब, 5 केन बोल्ट बीयर, 2 बोतल लीमाउंट बीयर, 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 440 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 49761 रूपये है।

# जीजा के साथ मिलकर बहनों ने की थी भाई की हत्या

## ग्राम हथवास में बबलू अहिरवार मामले का 4 दिन में पुलिस ने किया खुलासा

**पिपरिया, देशबन्धु।** शहर से सटे ग्राम हथवास में बबलू अहिरवार की मौत खुलासा मंगलवारा पुलिस ने घटना के 4 दिन बाद कर दिया है। जिसमें जीजा के साथ मिलकर मृतक की बहिनों ने ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

29 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी , कि मृतक बबलू अहिरवार ने घर के अंदर से दरबाजा बंद कर लिया है और मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर नंदलाल अहिरवार की सूचना पर थाना पिपरिया में मर्ग क्रं. 43/2026 धारा 194 बीएनएसएस का

कायम कर जाँच मे लिया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साई कृष्णा एस. थोटा, के मार्ग दर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, एसडीओपी मोहित कुमार यादव के दिशा निर्देशन में निरीक्षक आदित्य सेन के द्वारा विशेष टीम बनाई गई। टीम द्वारा पृथक पृथक पहलओं पर जाँच की गई। जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया



आसपास के लोगो के पूछताछ पर पाया कि भाई बहनों का आपस में विवाद होता रहता था। पुलिस द्वारा मृतक की बहन रेखा से पूछताछ की गई। जिसके द्वारा बताया कि मेरे जीजा दिनेश अहिरवार, बहन रिंकी अहिरवार, लच्छो अहिरवार, प्राची अहिरवार ने घर का दरबाजा बंद कर भाई बबलू अहिरवार को लकड़ी के डंडे, बेलन तथा दातरा (हसिया) से मारपीट कर चोट पहुँचाई मारपीट से आई चोटो से बबलू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध थाना पिपरिया में अपराध क्रं. 407/2026 धारा 103(1), 238,3 (5) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण से घटना मे प्रयुक्त लकड़ी के डंडे, बेलन तथा दातरा (हसिया) जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

मामले के खुलासे में निरीक्षक आदित्य सेन, उनि सुशील सिंह कुशवाहा, उनि अमित सिंह भारद्वाज, प्र.आर. 517 अरुण जुदेव, प्र.आर. 671 उपेन्द्र दुबे, आर. स्नेह साहू, आर. ललित हरणे, आर. राधेश्याम, म.आर. निधि तिनगुरिया, म.आर. शिवानी कौरव, म.आर. प्रीती सरयाम, म.आर. श्याम धुर्वे, म.आर. मिनाक्षी वर्मा, आर.स्नेह साहू की भूमिका रही।

# जेल पहुंचे कलेक्टर-एसपी, सफाई और सुविधाओं की ली गई जानकारी

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक शशांक के साथ जिला जेल हरदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम अशोक डहेरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैरकों का



निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की संख्या और उनके रहने की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने इस दौरान कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मेनू की भी जांच की। जेल के चिकित्सा कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता और परिसर की स्वच्छता व्यवस्था तथा कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण की भी जानकारी ली। उन्होने जेल की सुरक्षा दीवारों पर कांटेदार तार की फेंसिंग कराने के निर्देश भी जेल अधिकारी को दिये। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा कैदियों की तलाशी भी ली गई।

# सीआईएसएफ ने एनसीसी कैडेटों को सिखाए आपदा से बचाव के गुर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** समेरिटन्स हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में बुधवार को प्रतिभूति कागज कारखाना के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के विशेषज्ञों द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के एनसीसी केडिट्स को किसी भी आपात स्थिति या आपदा से निपटने के लिए व्यावहारिक और सैद्धांतिक जानकारी देना था । कार्यक्रम की शुरुआत में एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव एवं स्नेहा उपाध्याय ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया और मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने सभी का परिचय कराया । प्रशिक्षण 13 मध्यप्रदेश बटालियन के प्रतिनिधि एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों फायर जितेंद्र सारस्वत, एच ओ फायर सत्येंद्र सिंह, कलाराम, डीपीओ बसंत



सिंह के मार्गदर्शन में हुई। अधिकारियों ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी और खासकर एनसीसी कैडेटों का आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित होना देश और समाज के लिए बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में एनसीसी केडिट्स और स्कूल के 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।टीम अपने साथ फायर ब्रिगेड लेकर आई थी ।सीआईएसएफ की बचाव टीम ने आग लगने की दुर्घटना, भूकंप, बाढ़ या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति के दौरान तुरंत राहत और बचाव कार्य करने के उपाय बताए ।विशेषज्ञों ने गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के तरीके, घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने और संकट के समय सुरक्षित स्थानों पर जाने के कौशल का लाइव प्रदर्शन किया। कैडेटों को भी खुद अभ्यास करने का मौका दिया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, ने सीआईएसएफ टीम के द्वारा किए प्रदर्शन की प्रशंसा की। उप प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। एनसीसी कैडेटों ने इस सत्र को बेहद रोमांचक और ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

# सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, कहा- महंगाई भत्ता, इलाज दें

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर कलेक्टर और कमिश्नर कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्य के पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने, स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत पेंशनरों को 20 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने , 35 बर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने पर डिप्लोमा धारी उपयंत्री संवर्ग को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने सहित अन्य मांग शामिल है। वहीं काल्पनिक वेतन वृद्धि एवं अंतर राशि का भुगतान 30 जून/31 दिसम्बर के



न्यायालयीन प्रकरणों में काल्पनिक वेतन वृद्धि हेतु प्रशासकीय स्वीकृति एवं आंशिक संशोधन के प्रस्ताव शासन के समक्ष लंबित हैं। उनकी स्वीकृति शीघ्र जारी की जाए, एरियर्स का भुगतान , जिनकी भी 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण हो चुकी उन्हें भी चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाए। इस दौरान एस के बरेले क्षेत्रीय अध्यक्ष, पी. के श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष, के. एम. राजपूत उपन्प्राताध्यक्ष, आर डी. भाटी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, आर. एम. दुबे - क्षेत्रीय सचिव, व्रजेश उपाध्याय, आर. के चौधरी, एम. एल. चंद्रौल, व्ही. एन अरोरा, एस आर करैया, आर के सैबी, महेश चन्द्र भावसार, एम एल माहुले, एस. एस. गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### नपाध्यक्ष ने किया वार्ड क्रमांक 32 में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

# निर्माण एजेंसी को लिया आड़े हाथः कार्य में लेटलतीफी पर नाराजगी जताई, दिखाई सख्ती



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 32 में आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्माण एजेंसी को लेटलतीफी से कार्य करने पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए कि समय सीमा में कार्य पूर्ण करें जिससे नागरिकों को जल्द राहत मिल सके। उपयंत्री मुकेश जैन ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा वार्ड 32 में कब्रिस्तान के पास नई सड़क के स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री जैन ने बताया कि नपाध्यक्ष द्वारा खोजनपुर से बीजासेन माता चबूतरा तक सड़क स्वीकृत है। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में लेटलतीफी की जा रही है। सड़क बन जाने से वहां के नागरिकों को आवागमन में परेशान नहीं होगी। हमने निर्माण एजेंसी को जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चों में लोकतंत्र समझाने समेरिटन्स छात्र संसद का गठन

# पीएम साक्षी, होम मिनिस्टर लक्ष्य और स्पीकर बनीं सृष्टि

**नर्मदापुम, देशबन्धु।** विद्यार्थियों को लोकतंत्र की जानकारी बढाने और् उन्हें लोकतान्त्रिक गतिविधियों से जोडने के लिए समेरिटन्स विद्यालय में छात्र संसद का गठन किया गया। सम्पूर्ण लोकतान्त्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव में पीएम साक्षी यादव, होम मिनिस्टर लक्ष्य भार्गव और् स्पीकर सृष्टि चौहान निर्वाचित हुई। इसके आलावा अन्य विभागों के मंत्री भी निर्वाचित हुए। इन सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

छात्र सांसद के गठन और प्रक्रिया के संबंध में प्रभारी श्रीमती सिम्मी झा ने बताया की विद्यालय में विद्यार्थियों को लोकतंत्र की



जानकारी देने के उद्देश्य से यह गतिविधि की जाती है। उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थी लोकतंत्र से तो परिचित होते ही हैं साथ ही वे देश और् समाज के प्रति संवेदनशील भी बनते हैं।

उन्होंने बताया कि छात्र संसद के गठन के लिए पूरी चुनाव प्रक्रिया का पालन किया जाता है। पिछले दिनों विद्यालय में गोपनीय वोटिंग कराई गई थी, बाद में परिणाम घोषित किये गाय और् बुधवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ।

इसके एक दिन पूर्व पिछले साल कि छात्र संसद के कार्यकाल का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में छात्र प्रतिनिधियों को उनके श्रेष्ठ कार्य केबलिये सम्मानित किया गया। शपथ ग्रहण कार्यकम में डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने कहा कि यह एक ब?ा दायित्व है, जिसे आप सभी को पूरी ईमानदारी से निभाना है।

कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, राजेंद्र रघुवंशी, मैनेजर शिखा खम्परिया, विक्रांत खम्परिया, सचिन खम्परिया, संजय लायल, अंशु गौर, लीना देवास्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन नीलम तिवारी ने किया।

### कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का नहीं रखेगा स्टॉक

# स्टॉक को 30 दिन से अधिक समय तक भंडारित नहीं करेगा, आदेश जारी

**हरदा , देशबन्धु।,** मध्यप्रदेश में कोई भी डीलर 4 हजार क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रखेगा। साथ ही स्टॉक को 30 दिन से अधिक समय तक भंडारित भी नहीं करेगा। सभी डीलरों द्वारा भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की घोषणा को नियमित अद्यतन करना अनिवार्य होगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि इस संबंध में जरूरी कार्यवाही के निर्देश सभी कलेक्टर को दिये गये हैं।

सरकारी खाते पर या राज्य सरकार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से किसी डीलर के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरण के लिये स्टॉक के भंडारण पर यह सीमा लागू नहीं होगी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों की जांच कर लिए सैंपल

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सिराली में रैपिड मिल्क किट से शुद्ध केशरी डेरी सिराली एवं राधेकृष्ण डेरी सिराली से दूध की प्राथमिक गुणवत्ता की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले ने बताया कि उक्त दूध मे सुक्रोज, माल्टा डेस्टिन, ग्लूकोज, यूरिया, न्यूट्रीलाजर नहीं पाया गया एवं शिवम किराना सिराली से जीरा का सैंपल लिया गया।

### टिमरनी में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**हरदा , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत हरदा जिले में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में टिमरनी में प्रस्तावित कार्यक्रम की तिथि में संशोधन किया गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर 4 सितंबर 2026 को शासकीय अवकाश होने के कारण नगर परिषद टिमरनी के फारेस्ट डीपो नीलामी हॉल में 3 सितंबर गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का संचालन जिले में 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित क्षेत्रों का भ्रमण कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के निराकरण तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कलेक्टर श्री जैन ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय पर उपस्थित रहकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

# बलराम जयंती : प्राकृतिक खेती उत्पाद सह संवाद कार्यक्रम में बारीकी से समझाया, मांगा सहयोग

**हरदा, देशबन्धु।** बलराम जयंती के अवसर पर उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला हरदा द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक हॉट बाजार तथा प्राकृतिक खेती के उत्पाद सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले 6 कृषकों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। हॉट बाजार में 52 विजिटर/कस्टमर्स ने सहभागिता कर प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों की




जानकारी प्राप्त की तथा उत्पादों की खरीदी की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी सहभागिता की गई।

उप संचालक कृषि प्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को ब?ावा देना, कृषकों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा आमजन को प्राकृतिक एवं सुरक्षित कृषि उत्पादों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर कृषकों एवं उपभोक्ताओं के बीच प्राकृतिक खेती के लाभ, उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन एवं उपभोक्ता मांग से संबंधित विषयों पर संवाद भी किया गया।

# 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से ग्रामीण क्षेत्र को मिलेगी बिजली,अब दूर होगी परेशानी

**हरदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खामापड़वा में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया गया है। यह उपकेंद्र आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है।

महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि उपकेंद्र के प्रारंभ होने से वितरण केंद्र हरदा उत्तर क्षेत्र के लगभग 6 ग्रामों को विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। खामापड़वा उपकेंद्र से क्षेत्र के लगभग 924 घरेलू एवं 254 कृषि पंप उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इससे संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के साथ वोल्टेज की गुणवत्ता एवं विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी ।नवीन उपकेंद्र से विशेष रूप से कृषि उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। विद्युत व्यवस्था मजबूत होने से लो-वोल्टेज की समस्या में कमी, फॉल्ट होने पर विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने तथा विद्युत वितरण हानियों को कम करने में भी सहायता मिलेगी। उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के बेहतर प्रबंधन से किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं को अधिक सुचारू और निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध हो सकेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विद्युत अधोसंरचना को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मिट्टी के गणेश बनाना सीखो कार्यशाला का हुआ आयोजन बताया पीओपी का नुकसान, पूरे समाज और प्रकृति के लिए बहुत समस्या पैदा करता है

**हरदा , देशबन्धु।** नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से मंगलवार को नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में मिट्टी के गणेश बनाओ कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन से जुड़ी मेघा पारे ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान पीओपी से बनी प्रतिमाओं को विसर्जन करने के बाद जल दूषित होता है,वहीं पीओपी की प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए घातक है ।उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विगत 5 वर्षों से मिट्टी के गणेश बनाओ कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा मिट्टी के गणेश बनाना सिखाया जाता है ।मंगलवार को देर शाम तक चली कार्यशाला में कृति अत्रे,अदिति जोशी,श्रेया शुक्ला,नूपुर बिल्लौरे एवं श्री सूक्ति पारे ने उपस्थित बच्चों को मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया ।कार्यशाला में न्यायाधीश चंद्रशेखर राठौर,समाजसेविका सलोनी जैन,संस्कार स्कूल की प्राचार्य राजेश्वरी गीते,सर्व ब्राह्मण समाज संगठन महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया,



करणी सेना की गायत्री पंवार,अग्रवाल समाज से उपाध्यक्ष अनामिका बंसल,नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर उपस्थित रहे ।अतिथियों ने मां नर्मदा का पूजन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया ।स्वागत उद्बोधन मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर ने व्यक्त किया ।कार्यशाला के दौरान लगभग 36 बालक एवं बालिकाओं ने माटी के गणेश प्रतिमा बनाना सीखा ।इस दौरान अधिवक्ता एवं नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी ऋषि पारे ने संचालन किया। मेघा पारे ने कार्यशाला के उद्देश्य बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया ।कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी मधुकर बिल्लौरे,ट्रस्टी राजेंद्र गुहा,संजय काशिव एवं दीपक शुक्ला,शैलेन्द्र जोशी,प्रवीण काशिव,अशोक पगारे,पंकज शांडिल्य,प्रमेंद्र साकल्ले,अतुल पारे,महिला इकाई अध्यक्ष किरण काशिव, कृष्णा पाराशर,अंजना पाराशर, जया साकल्ले,पारुल काशिव,शोभिका बरगले,मीणा सिटोके,प्रीति गुहा,ऋतु चौरे,आरती खले, कृष्णा राजपूत, पुष्पा चौहान सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।


**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश नीशा कुरील कनिष्ठ खंड मुलताई जिला बैतूल म.प्र.**

आर सी एस ए - 111/2026 पेशी ता. 29.09.2026

प्र.नं. 3073/26

नीलकंड उर्फ भाउराव उम्र 72 वर्ष पिता भूरा खाडे जाति कुन्बी निवासी महावीर वार्ड मुलताई जिला बैतूल म.प्र............वादी

**बनाम**

आम जनता / सर्व साधारण श्रीमान कलेक्टर बैतूल जिला बैतूल म.प्र.............प्रतिवादीगण

एतद द्वारा सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादी ने प्रतिवादीगण सर्व साधारण/आम जनता के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक वाद वास्ते उद्घोषणा वाद प्रस्तुत किया है मौजा मुलताई खसरा नंबर 1155/108 रकबा 0.031 आरे की भूमि पर अपना नाम नीलकंठ उर्फ भाउराव करने के संबंध में एक वाद प्रस्तुत किया है जिसकी आगामी नियत पेशी दिनांक 29.09.2026 को नियत है। नियत दिनांक को आप दिनं के 11.00 बजे स्वयं या अपने प्लीडर/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे तथा संबंधित वाद के संबंध में अपने कब्जे या शक्ति में जो दस्तावेज हो प्रस्तुत करे। यदि नियत दिनांक को शासकीय अवकास घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस पर उपस्थित हो साथ ही नियत दिनांक को पीठासीन अधि कारी अवकाश पर रहते है तो न्यायालय के रीडर के समक्ष उपस्थित होवे यदि आप नियत दिनांक को उपस्थित नही रहते है तो प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 19.08.2026 को इस न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

**निशा कुरील**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड**
**मुलताई, जिला बैतूल ( म.प्र. )**

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरुवार, 3 सितम्बर 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## पत्रकारों पर नया हमला

पश्चिम बंगाल के प्रमुख बंगाली समाचार पत्र आनंदबाजार पत्रिका इस समय भाजपा और शुभेन्दु अधिकारी सरकार के निशाने पर आ गया है। मंगलवार को अखबार के दफ्तर के बाहर भगवा रंग के कपड़े पहने कुछ गुंडों ने दीवार को भगवा रंग पोत दिया और यह सब जब हो रहा था तो कोलकाता पुलिस वहीं मौजूद थी। घटना के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें यह गुंडागर्दी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। इस पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने लिखा है कि बंगाल अंधकार युग में चला गया है। वाकई जो माहौल इस समय बंगाल में बना दिया गया है, वह किसी अंधेरे से कम नहीं है।

मई में चुनाव जीतने के बाद से भाजपा एकदम मदांध होकर व्यवहार कर रही है। टीएमसी नेताओं को तो लगातार निशाना बनाया ही जा रहा है, इसके अलावा हर उस आवाज को कुचलने की कोशिश हो रही है जो भाजपा सरकार के विरोध में उठे।

20 अगस्त को ही शुभेन्दु अधिकारी ने जादवपुर यूनिवर्सिटी में लाल सलाम किशनजी के नारे दीवारों पर लिखे होने का विरोध करते हुए कहा कि नारों के साथ बहुत कुछ मिटा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आजादी के नारे लगाने वाले तत्वों को 'घर के कचरे की तरह साफ' कर देना चाहिए। शुभेन्दु अधिकारी के बयान के बाद ही यूनिवर्सिटी की दीवारों पर रंगाई-पुताई होने लगी और प्रशासन ने कहा कि यह सफाई करने के लिए हो रहा है। जबकि माकपा और एसएफआई जैसे संगठनों का कहना है कि यह असहमति की आवाज दबाने की कोशिश है। ध्यान देने वाली बात यह है कि यह कोशिश केवल यूनिवर्सिटी तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता को कुचलने तक पहुंच चुकी है।

जादवपुर यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी स्टूडेंट्स यूनियन और एबीवीपी के बीच हुई झड़पों पर आनंद बाजार पत्रिका ने भगवा गुंडागर्दी शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इस शीर्षक पर आपत्ति जताते हुए अखबार के संपादकीय विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार 27 अगस्त को शास्त्री महाराज नामक व्यक्ति ने कोलकाता में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि 'भगवा गुंडागर्दी' शब्द का इस्तेमाल जानबूझ कर हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और समाज में अशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया। इसके आधार पर 28 अगस्त को पुलिस ने आनंदबाजार पत्रिका के संपादकीय विभाग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

एफआईआर में आनंदबाजार पत्रिका की संपादक ईशानी दत्ता रॉय, चीफ रिपोर्टर सोमा मुखर्जी और संपादकीय टीम के अन्य सदस्यों के नाम शामिल किए गए हैं। शिकायत में मांग की गई है कि पुलिस यह जांच करे कि विवादित शब्द का सुझाव किसने दिया, शीर्षक किसने मंजूर किया और संपादन प्रक्रिया में कौन-कौन शामिल था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से यह शब्द इस्तेमाल किया। इसके बाद भगवा कपड़े पहने कई लोग मंगलवार दोपहर आनंदबाजार पत्रिका के कार्यालय के बाहर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने 'आनंदबाजार पत्रिका हाय-हाय' और 'भगवा का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा' जैसे नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने अखबार दफ्तर की दीवारों पर भगवा रंग पोत दिया। हालांकि कुछ घंटों बाद अखबार प्रबंधन ने दीवारों को दोबारा सफेद रंग से रंगवा दिया। हालांकि पुलिस ने इस घटना को लेकर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। यह भी साफ़ नहीं है कि दीवारों पर रंग पोतने वाले लोगों के खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है या नहीं।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी आनंदबाजार पत्रिका से 24 घंटे के भीतर 'भगवा गुंडागर्दी' शीर्षक के लिए माफी मांगने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि अखबार माफी नहीं मांगता तो भगवा पहनने वाले लोग विरोध प्रदर्शन करेंगे। हालांकि अखबार ने माफी जारी नहीं की। इसके बाद कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ। एक ही घटना की ये सारी कड़ियां आपस में जिस तरह जुड़ रही हैं, उससे जाहिर है कि सत्ता के समर्थन के बिना अखबार के दफ्तर पर पहुंच कर गुंडागर्दी करने और पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर नहीं किया गया है। बहरहाल यह मामला बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट भी पहुंचा, जहां पत्रकारों की तरफ से उपस्थित हुए सीनियर एडवोकेट एस.एन. मुखर्जी ने अदालत से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि अखबार में भगवा गुंडागिरी शब्द के इस्तेमाल के बाद पत्रकारों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज किए गए और उन्हें तत्काल राहत की जरूरत है। लेकिन जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की अदालत ने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए विशेष रूप से तारीख तय करने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि पहले एफआईआर रद्द करने की याचिका दाखिल की जाए। अब देखना होगा कि आगे इस मामले में अदालत का क्या फैसला रहता है।

इधर पत्रकार संगठनों ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए एफआईआर तुरंत वापस लेने की मांग की है। इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प्स और प्रेस एसोसिएशन ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पत्रकारों का काम तथ्यों को सामने लाना है। कई बार रिपोर्टिंग या इस्तेमाल किए गए शब्द कुछ लोगों को पसंद नहीं आते, लेकिन यही स्वतंत्र पत्रकारिता और लोकतंत्र की बुनियाद है।

प्रेस संगठनों ने शिकायत में यह मांग किए जाने पर भी आपत्ति जताई कि विवादित शब्द का सुझाव किसने दिया, उसे किसने मंजूर किया और शीर्षक तय करने में कौन-कौन शामिल था। उनका कहना है कि इस तरह संपादकीय प्रक्रिया में शामिल पत्रकारों और संपादकों की पहचान मांगना सीधे तौर पर पत्रकारों को निशाना बनाने जैसा है। संगठनों ने इसे स्वतंत्र पत्रकारिता पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का संरक्षण जरूरी है, न कि उसे कानूनी कार्रवाई के जरिए दबाने की कोशिश।

लेकिन प्रेस संगठनों को भी अब बदले हालात पर गौर करना होगा कि नैतिकता का हवाला देकर अगर लोकतंत्र मजबूत बनाया जा सकता तो आज ऐसी नौबत ही नहीं आती। हाल ही में राजदीप सरदेसाई को दिमागी नक्सल भाजपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बताया था। उसके चंद दिनों बाद अब पत्रकारों पर एफआईआर हो रही है। पिछले 12 सालों में ऐसे सैकड़ों मामले हो चुके हैं जिससे भारत की प्रेस स्वतंत्रता बाधित हुई है। तो पत्रकारों को भी अब नजर और नजरिए का फर्क समझ कर जुबानी जमाखर्च से आगे बढ़कर मजबूत एकता दिखानी होगी।

# छवियों में कैद मोदी विदेश नीति

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी के बयानों और व्यवहार को लेकर फिर सुर्खियां बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बनाई विदेश नीति में कैमरे में कैद छवियों को अहम बना दिया है। अब तक देश में जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सबकी विदेश यात्राओं में इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि भारत के हित में कौन से समझौते हुए, वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति मजबूत करने के लिए किन देशों के साथ उसके मैत्री संबंध प्रगाढ़ हुए हैं, गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को इन संबंधों में कितनी तरजीह दी जा रही है। लेकिन अब ऐसे सारे सवाल उठते ही नहीं। बेशक व्यापार और रक्षा समझौतों की बात होती है, लेकिन उसके अलावा खबरों में यही दिखाया जाता है कि नरेन्द्र मोदी ने किस देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया, गले मिले, किसके साथ एक कार में सफर किया, कौन से उपहार दिए या लिए और हां इन सबसे पहले यह बताया जाता है कि कौन से देश ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान दिया। गोया, यह भारत के प्रधानमंत्री की नहीं, नरेन्द्र मोदी की विशेष उपलब्धि हो।

बहरहाल, बिश्केक में भी नरेन्द्र मोदी के अन्य नेताओं के साथ मिलने और बात करने की तस्वीरें, वीडियो आते रहे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ नरेन्द्र मोदी ने एक कार में सफर किया, उसकी तस्वीरें सामने आईं। फिर एक वीडियो आया जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन साथ आते हैं और सामने से नरेन्द्र मोदी जिनपिंग से हाथ मिलाते हैं और उसी समय दूसरे हाथ से पुतिन का हाथ भी थामते हैं। विश्व की दो महाशक्तियों के साथ एक हाथ मिलाते नरेन्द्र मोदी काफी शक्तिशाली प्रधानमंत्री लग सकते हैं। लेकिन ये शक्ति तब भी नजर आनी चाहिए जब अरुणाचल प्रदेश समेत कई हिस्सों में चीन अपनी घुसपैठ करता है या फिर पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मदद करता है। एक समूह चित्र खिंचवाने से पहले का भी वीडियो आया, जिसमें नरेन्द्र मोदी पुतिन से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ते हैं, उन्हें लगता है कि पुतिन उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन पुतिन उन्हें दूसरी तरफ कर खुद लगभग केंद्र में आ जाते हैं, फिर उनके बगल में आकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को खड़ा कर दिया जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री किस तरह पुतिन के बाजू में खड़े किए गए और नरेन्द्र मोदी लगभग किनारे क्यों खड़े किए गए, यह क्रम किस आधार पर तय हुआ, यह विदेश मंत्रालय ही बेहतर बता सकेगा। हालांकि इस समूह चित्र को जब पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर शेयर किया तो इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटा दिया और लिखा 'प्रधानमंत्री मोहम्मद शहबाज शरीफ 1 सितंबर 2026 को किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट समिट में राष्ट्राध्यक्षों के साथ एक ग्रुप फोटो में।' फिर शाहबाज शरीफ ने पूरी निर्लज्जता के साथ अपने एक्स हैंडल पर उसी फोटो को शेयर किया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने इस तस्वीर को वैसे ही शेयर किया, जैसे वह खींची गई थी। मोदी के हैंडल से शेयर हुई फोटो में शाहबाज शरीफ भी हैं। अच्छा है कि भारत ऐसे ओछेपन से अब तक बचा हुआ है। क्योंकि पाकिस्तान की सरकार लगातार इसी तरह का ओछापन दिखाती रही है और अब मक्का रक्षा समझौते के बाद उसके ऐसे दुस्साहस कुछ और बढ़ सकते हैं, क्योंकि इसमें शुरुआती तीन सालों के लिए जिम्मेदारी पाकिस्तानी के सैन्य प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को ही मिली है।

गौरतलब है कि नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (नाटो) की तर्ज पर सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान के बीच 7 अगस्त 2026 को एक त्रिपक्षीय सामूहिक रक्षा समझौता हस्ताक्षरित किया गया है। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर बाहरी हमला होता है, तो उसे तीनों देशों पर हमला माना जाएगा (जो नाटो के आर्टिकल-5 की तरह है)। इसे 'इस्लामिक नाटो' भी कहा जा रहा है। इस समझौते का दायरा बढ़ाए जाने की संभावना है और संभव है कि निकट भविष्य में बांग्लादेश भी इसका सदस्य बन जाए। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने दावा किया है कि मक्का समझौता किसी भी देश के खिलाफ नहीं है। इस समझौते से क्षेत्रीय स्थिरता में वृद्धि होगी और अनिश्चितता में कमी आएगी।

हर संगठन अपनी स्थापना को लेकर नेक इरादे ही प्रकट करता है, लेकिन उसका विस्तार या प्रभाव दिखाना होता है, तो फिर उसमें उन देशों को निशाने पर लिया जाता है, जिनसे हित टकराते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच पिछले चार सालों से चल रही जंग इसका उदाहरण है। नाटो देश यूक्रेन को अपने प्रभाव में लेना चाहते हैं। यूक्रेन भी नाटो का सदस्य होना चाहता है, लेकिन रूस इसका विरोध कर रहा है, क्योंकि वह जानता है कि एक बार नाटो का प्रभाव उसकी सीमाओं तक आ गया तो फिर शीतयुद्ध के दौर जैसे हालात बन जाएंगे। यूक्रेन जिस तरह बार-बार अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों से सहानुभूति बटोरते हुए युद्ध में टिके रहने के लिए उनसे सामरिक मदद मांग रहा है, यह इस बात का उदाहरण है कि रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, पर्दे के पीछे नाटो की शक्ति भी काम कर रही है। इस मिसाल को देखते हुए मक्का समझौते के बाद भारत को विशेष तौर पर सचेत रहने की जरूरत है। क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त ही हमने देखा है कि कैसे अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच दखलंदाजी की और पाकिस्तान ने इसका स्वागत किया। अब क्षेत्रीय स्थिरता और शांति के नाम पर अगर पाकिस्तान फिर किसी अनावश्यक संघर्ष को बढ़ाएगा तब भारत केवल पाकिस्तान से मुकाबला नहीं करेगा, हो सकता है पीछे से सऊदी अरब और तुर्की भी साथ रहें।

> हर संगठन अपनी स्थापना को लेकर नेक इरादे ही प्रकट करता है, लेकिन उसका विस्तार या प्रभाव दिखाना होता है, तो फिर उसमें उन देशों को निशाने पर लिया जाता है, जिनसे हित टकराते हैं। यूक्रेन और रूस के बीच पिछले चार सालों से चल रही जंग इसका उदाहरण है। नाटो देश यूक्रेन को अपने प्रभाव में लेना चाहते हैं।

भारत के लिए विदेश नीति की चुनौतियां अब पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद की जाती है कि वे फोटो-वीडियो, हाथ मिलाने-गले मिलने पर ध्यान देने की जगह इन चुनौतियों की जटिलताओं को समझें। अभी बिश्केक में नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से अपील की कि वे यूक्रेन के ख़िलाफ़ रूस के युद्ध को ख़त्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। मोदी ने एंडलेस वॉर की जगह वॉर के एंड पर जोर दिया। ऐसी लफ्फाजी से बेहतर है कि वे ठोस तथ्यों पर बात करें। यह सही है कि चार सालों से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसे मोदी क्यों एंडलेस यानी अंतहीन बता रहे हैं। इसका मतलब वे रूस पर दोषारोपण कर रहे हैं कि वह युद्ध खत्म नहीं कर रहा। इससे पहले भी मोदी पुतिन से कई बार इसी तरह की अपील कर चुके हैं, हालांकि उसका कोई नतीजा नहीं निकला। बल्कि 2024 में जब मोदी यूक्रेन गए और वहां जेलेंस्की से मुलाकात की, तो इसके करीब ढाई महीने बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को रूस में पुतिन के सामने बैठकर इस मुलाकात पर सफाई पेश करनी पड़ी थी।

भारत वैश्विक शांति का हमेशा से पक्षधर रहा है। प.नेहरू ने गुटनिरपेक्ष और पंचशील का सिद्धांत शांति के मद्देनजर ही दिया था। लेकिन खुद मोदी सरकार ने विदेश नीति में गुटनिरपेक्षता को गौण बना दिया है, यह जाहिर है। इसलिए अगर मोदी पुतिन को युद्ध खत्म करने कह सकते हैं, तो यही रवैया उन्हें इजरायल और अमेरिका के साथ भी अपनाना चाहिए। फिलीस्तीन पर नरेन्द्र मोदी सरकार ने न केवल चुप्पी बरती बल्कि मोदी इजरायल जाकर बेंजामिन नेतन्याहू से मिले, उनसे सम्मान ग्रहण किया, आतंकवाद के खात्मे की बात की, तो यह सब गज़ा में चल रहे नरसंहार को समर्थन जैसा ही है। क्योंकि इजरायल के लिए आतंकवाद का दूसरा नाम हमास है। इसके बाद ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले में भी मोदी ने प्रतिक्रिया देने में न केवल देर की, बल्कि इस तरह प्रतिक्रिया दी कि कहीं से इजरायल और अमेरिका की हरकत का विरोध नजर नहीं आया। अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या के बावजूद नरेन्द्र मोदी ने अफसोस जाहिर नहीं किया। तो रूस से अगर मोदी कह रहे हैं कि यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म किया जाए, तो यही बात उन्हें खुल कर इजरायल और अमेरिका को भी कहनी होगी। वैश्विक मंच पर भारत का इकबाल इसी तरह नजर आएगा।

# बच्चों की डिजिटल दुनिया कितनी सुरक्षित

■ राजु कुमार

भारत में बच्चों की दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। पढ़ाई, मनोरंजन और दोस्तों से बातचीत से लेकर अपनी बात कहने तक इंटरनेट अब बच्चों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुका है। लेकिन इंटरनेट पर बच्चों की बढ़ती मौजूदगी के साथ उनके सामने खतरे भी बढ़े हैं। साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ग्रूमिंग, ब्लैकमेलिंग, तस्वीरों के दुरुपयोग, निजता के उल्लंघन और ऑनलाइन यौन शोषण जैसे अपराध बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के क्राई द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, 2017 से 2024 के बीच बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब 20 गुना बढ़ोतरी हुई है। इसी अवधि में बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़े अपराधों में 157 गुना वृद्धि दर्ज की गई। यद्यपि 2023 के उच्चतम स्तर की तुलना में 2024 में बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब आठ प्रतिशत की कमी आई है।

भारत में 18 साल से कम उम्र के करीब 11.3 करोड़ बच्चे इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और देश के कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में उनकी हिस्सेदारी करीब 14 प्रतिशत है। वहीं, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकानॉमिक रिसर्च की 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, 13 से 16 वर्ष की उम्र के 65.3 प्रतिशत बच्चों की मोबाइल तक पहुंच है, 37.8 प्रतिशत इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं और 21.3 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। महानगरों में 73.1 प्रतिशत बच्चों की मोबाइल तक पहुंच है और 49.3 प्रतिशत इंटरनेट इस्तेमाल करते हैं, जबकि कम विकसित गांवों में ये आंकड़े क्रमश: 64.2 और 33.3 प्रतिशत हैं।

ऑनलाइन अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच दुनिया के कई देशों ने बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए ऑनलाइन मंचों की जिम्मेदारी तय करने के सख्त कदम उठाए हैं। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर 2025 से प्रमुख सोशल मीडिया मंचों के लिए 16 साल से कम उम्र के बच्चों को खाता बनाने या रखने से रोकने के लिए उचित कदम उठाना कानूनी जिम्मेदारी बन गया है। इसकी जिम्मेदारी बच्चे या माता-पिता के बजाय ऑनलाइन मंचों पर डाली गई है।

ब्रिटेन के ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम में ऑनलाइन सेवाओं के लिए बच्चों के सामने मौजूद जोखिमों का आकलन और उनसे बचाव के उपाय जरूरी किए गए हैं। नुकसानदेह सामग्री तक बच्चों की पहुंच रोकने के लिए उम्र सत्यापन के उपाय भी किए गए हैं। इसी तरह यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम में बच्चों की निजता और सुरक्षा के लिए ऑनलाइन मंचों की जवाबदेही तय की गई है, जिसमें बच्चों के खातों को सामान्य रूप से निजी रखने और हानिकारक सामग्री की सिफारिश करने वाली स्वचालित प्रणालियों पर नियंत्रण जैसे उपाय शामिल हैं।

भारत में भी बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के लिए कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी बच्चों से जुड़ी यौन सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन या प्रसारण सहित कई गतिविधियों को दंडनीय बनाती है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 ऑनलाइन मंचों पर कुछ जिम्मेदारियां डालते हैं। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 में बच्चों के व्यक्तिगत डेटा की विशेष सुरक्षा के साथ उनकी ऑनलाइन गतिविधियों और व्यवहार की निगरानी तथा उन्हें लक्षित कर विज्ञापन दिखाने पर रोक का प्रावधान है। हालांकि इसके प्रमुख प्रावधान अभी पूरी तरह प्रभावी नहीं हुए हैं और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था अभी विकसित हो रही है।

कानून और तकनीकी उपाय जरूरी हैं, लेकिन बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा का सवाल केवल उम्र सत्यापन या किसी वेबसाइट को रोकने तक सीमित नहीं है। बच्चे इंटरनेट पर किससे बात कर रहे हैं, क्या साझा कर रहे हैं, किन संपर्क सूत्रों पर जा रहे हैं और परेशानी होने पर किससे मदद मांग सकते हैं, इसकी समझ भी उतनी ही जरूरी है। कई बार बच्चे किसी गलत ऑनलाइन अनुभव की जानकारी इसलिए नहीं देते क्योंकि उन्हें डर रहता है कि परिवार उन्हें ही दोषी ठहराएगा, उनका फोन छीन लिया जाएगा या उनकी बात पर विश्वास नहीं किया जाएगा। ऐसे में परिवारों और स्कूलों के सामने चुनौती निगरानी बढ़ाने के साथ ऐसा भरोसेमंद माहौल बनाने की भी है, जिसमें बच्चा किसी परेशानी के बारे में बिना डर के बता सके।

इन्हीं परिस्थितियों में बच्चों के मुद्दे पर कार्यरत चाइल्ड राइट्स एंड यू यानी क्राई ने बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल स्पेस बनाने के लिए देशव्यापी 'टिंग टोंग' अभियान की शुरुआत की है। अभियान का मूल संदेश ऑनलाइन कुछ भी करने से पहले एक पल रुक कर सोचने की आदत विकसित करना है। क्राई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा मारवाह ने कहा, 'आज बच्चे दो दुनियाओं में बड़े हो रहे हैं—एक भौतिक दुनिया और दूसरी डिजिटल दुनिया। जिस तरह हम अपने घरों, स्कूलों और आस-पड़ोस को सुरक्षित बनाने के लिए काम करते हैं, उसी तरह हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे जिस डिजिटल स्पेस का हिस्सा हैं, वह सुरक्षित, समावेशी हो और उनके अधिकारों का सम्मान करता हो। ऑनलाइन सुरक्षा अब केवल तकनीक का मुद्दा नहीं रह गया है; यह मूलरूप से बाल सुरक्षा का मुद्दा है। इस अभियान के जरिए हम चाहते हैं कि हम सभी अपने व्यवहार में एक छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण बदलाव लाएं। ऑनलाइन कुछ भी क्लिक करने, किसी पर भरोसा करने, कुछ शेयर करने या पोस्ट करने से पहले बस एक पल रुकना बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है।'

> बच्चों को सुरक्षित रखने का समाधान न तो उन्हें डिजिटल दुनिया से पूरी तरह दूर करने में है और न ही सारी जिम्मेदारी बच्चों और उनके माता-पिता पर डाल देने में। इंटरनेट अब शिक्षा, सूचना, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें सरकार स्पष्ट और प्रभावी नियम बनाए, तकनीकी कंपनियां अपने ऑनलाइन मंचों को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी लें।

दरअसल, बच्चों को सुरक्षित रखने का समाधान न तो उन्हें डिजिटल दुनिया से पूरी तरह दूर करने में है और न ही सारी जिम्मेदारी बच्चों और उनके माता-पिता पर डाल देने में। इंटरनेट अब शिक्षा, सूचना, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें सरकार स्पष्ट और प्रभावी नियम बनाए, तकनीकी कंपनियां अपने ऑनलाइन मंचों को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी लें, स्कूल डिजिटल सुरक्षा को बच्चों की शिक्षा का हिस्सा बनाएं और परिवार बच्चों के साथ लगातार संवाद बनाए रखें। बच्चों को इंटरनेट इस्तेमाल करने की आजादी और डिजिटल दुनिया के खतरों से सुरक्षा—दोनों को साथ लेकर चलना ही आने वाले समय की बड़ी बाल अधिकार चुनौती है।

## आपके पत्र

### मक्का समझौते से बदलता पश्चिम एशिया का सुरक्षा समीकरण

पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया की राजनीति में इन दिनों एक नया सुरक्षा समीकरण आकार लेता दिखाई दे रहा है। तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए मक्का संयुक्त रक्षा समझौते के बाद इस्तांबुल में हुई पहली रणनीतिक बैठक ने इस समझौते को महज कूटनीतिक घोषणा से आगे ले जाने के संकेत दिए हैं। तीनों देशों के विदेश एवं रक्षा नेतृत्व और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा से साफ है कि अब इस गठजोड़ की संस्थागत संरचना, सैन्य सहयोग और दीर्घकालिक भूमिका को लेकर गंभीरता से काम शुरू हो चुका है। इसका असर केवल इन तीन देशों तक सीमित रहने वाला नहीं है, बल्कि आने वाले समय में खाड़ी, दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र की रणनीतिक तस्वीर पर भी पड़ सकता है।

मक्का समझौते का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा है। इसके तहत किसी एक सदस्य पर होने वाले हमले को व्यापक रूप से साझा सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जाएगा। ऐसी व्यवस्था किसी पारंपरिक सैन्य गठबंधन की दिशा में पहला कदम हो सकती है, हालांकि इसे अभी औपचारिक रूप से किसी मौजूदा सैन्य संगठन के समकक्ष मानना जल्दबाजी होगी। इसकी वास्तविक ताकत इस बात से तय होगी कि सदस्य देश संकट की स्थिति में एक-दूसरे के लिए किस स्तर तक सैन्य, खुफिया और राजनीतिक सहयोग उपलब्ध कराते हैं।

इस्तांबुल की बैठक ने इस समझौते के व्यावहारिक पक्ष को भी सामने रखा है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय, रक्षा अनुसंधान और हथियारों के उत्पादन में सहयोग जैसे विषय बताते हैं कि गठजोड़ केवल राजनीतिक एकजुटता तक सीमित रखने की योजना नहीं है। यदि तीनों देश रक्षा तकनीक, उत्पादन क्षमता और सैन्य प्रशिक्षण में सहयोग बढ़ाते हैं तो इससे उनकी सामूहिक सामरिक क्षमता में इजाफा हो सकता है। खासतौर पर तुर्किये की तेजी से विकसित होती रक्षा तकनीक, पाकिस्तान का सैन्य अनुभव और सऊदी अरब की आर्थिक क्षमता इस समीकरण को अलग स्वरूप दे सकती है।

इस गठजोड़ की एक और महत्वपूर्ण विशेषता इसका संभावित विस्तार है। यदि भविष्य में दूसरे मुस्लिम बहुल देश इसमें शामिल होते हैं तो इसका भौगोलिक और राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ सकता है। बांग्लादेश की ओर से इसमें शामिल होने को लेकर फिलहाल किसी बड़े जोखिम की संभावना से इनकार किया जाना इस चर्चा को और महत्वपूर्ण बनाता है। वहीं कतर, कुवैत और बहरीन जैसे खाड़ी देशों का नाम भी संभावित विस्तार के संदर्भ में सामने आ रहा है। हालांकि इन देशों के निर्णय केवल धार्मिक या राजनीतिक निकटता पर निर्भर नहीं होंगे। उन्हें अमेरिका, चीन, भारत और अन्य प्रमुख शक्तियों के साथ अपने मौजूदा रणनीतिक संबंधों को भी ध्यान में रखना होगा। यही वह बिंदु है जहां इस पूरे घटनाक्रम का भारत के लिए महत्व बढ़ जाता है।

-कांतिलाल मांडोत,सूरत



## ललित सुरजन की कलम से

### देशबन्धु : चौथा खंभा बनने से इंकार- 8

*'छत्तीसगढ़ में शुक्ल बंधुओं के वर्चस्व के कारण अनेक कांग्रेसजन घुटन महसूस करते थे, उन्हें पार्टी में अपने लिए संभावनाएं नजर नहीं आती थी। ऐसे अनेक लोग स्वाभाविक तौर पर सेठीजी के साथ जुड़ गए थे। मैं इनमें से प्रमुख रूप से रायपुर के अमरचंद बैद का नाम लेना चाहूंगा। वे प्रगतिशील विचारों वाले प्रबुद्ध व्यापारी थे और हमेशा लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। अमरचंद जी अच्छी किताबें खरीदते व पढ़ते थे। उन्होंने निजी लाइब्रेरी बना रखी थी। सेठीजी के कार्यकाल में उनका काफी दबदबा हो गया था। लेकिन अपनी हैसियत का उन्होंने दुरुपयोग किया हो, ऐसा कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। सेठीजी को गुस्सा बहुत जल्दी आता था। ऐसा कहा जाता है कि वे नर्वस ब्रेकडाउन के मरीज थे और बीच-बीच में अपना मानसिक संतुलन खो बैठते थे। इसे लेकर कई किस्से प्रचलित हुए। जितना सच था, उससे ज्यादा उनके विरोधियों द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जो भी निर्णय लिए, उनमें ऐसी कोई बात नहीं दिखी। मुख्यमंत्री पद संभालने के कुछ दिन बाद रायपुर प्रवास के दौरान उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केसी बाजपेयी को खड़े-खड़े सस्पेंड कर दिया था, जिसे लेकर उनकी आलोचना हुई थी। इस तरह के कुछ और अन्य प्रसंग भी रहे होंगे। इन प्रसंगों को एक लंबी पारी में अपवाद ही मानना चाहिए। मुझे उनका एक अलग तरह का प्रसंग याद आता है। शायद खंडवा में लोकसभा उपचुनाव होना था। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के राइस किंग कहे जाने वाले नेमीचंद श्रीश्रीमाल से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा की थी। नेमीचंद जी शुक्ल गुट के थे, सो उन्होंने सेठीजी के संदेश की उपेक्षा कर दी। इसके कुछ समय बाद सेठीजी का महासमुंद दौरा हुआ। नेमीचंद जी ने उन्हें भोजन पर आमंत्रित किया जिसे सेठीजी ने ठुकरा दिया। कुछ देर बाद वे वापसी के लिए हेलीकाप्टर में बैठे और उड़ने के पहले ही अपना टिफिन खोला और भोजन आरंभ कर दिया। हैलीपेड पर उपस्थित लोगों को जो संदेश जाना था, वो चला गया।'*

**(देशबन्धु में 30 जुलाई 2020 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/8.html**

## पावन प्रसंग

### जीवन में समायोजन

जीवन में सफलता के माने एकाकी व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं हैं। जीवन का दायरा बहुत व्यापक है, जिसमें पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक पक्ष भी समाहित हैं, जिनके उचित प्रबंधन के साथ ही व्यक्ति की समग्र सफलता तय होती है। इस संदर्भ में दूरगामी सफलता के लिए महत्वपूर्ण कौशल है- समायोजन क्षमता, जिस पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समायोजन का अभिप्राय है स्वयं को सामूहिक परिवेश में ढालना, परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को बदलना, जिससे उस परिवेश में बिना टकराव के जीवनयापन किया जा सके और अभीष्ट लक्ष्य की ओर निर्बाध रूप से अग्रसर हुआ जा सके। अत: समायोजन लचक, स्वीकृति, सामंजस्य एवं समस्या समाधान की प्रक्रिया है, एक साथ शांति, सौहार्द्र एवं तालमेल के साथ रहने व कार्य करने की क्षमता है।

किसी भी संबंध को लंबे समय तक चलाने के लिए, इसे अनुकूल बनाने की क्षमता का होना आवश्यक होता है। समायोजन के आधार पर ही व्यक्ति अपनी व साथी-सहचर की आवश्यकताओं के मध्य संतुलन बिठा पाता है, परिस्थितियों के अनुरूप ढलता है और व्यवहार में लचीलापन अपनाते हुए संघर्षपूर्ण परिस्थिति से बाहर निकलता है।

समायोजन में मुख्यत: तीन बातें आती हैं-1. सकारात्मक दृष्टिकोण 2. भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं वाक्-व्यवहार कौशल। इन्हीं के आधार पर आपसी संबंधों का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित होता है। यदि दृष्टिकोण सकारात्मक है, तो व्यक्ति भावनात्मक रूप से स्थिर होगा व साथी-सहचर की कमियों व भिन्नता को सहज रूप से स्वीकार कर पाएगा।

व्यक्ति में भावनात्मक बुद्धिमत्ता है तो दूसरे पक्ष की भावनाओं को समझते हुए बेहतरीन तालमेल बिठाएगा और व्यवहार कौशल के आधार पर आपसी मतभेदों को सुलझाते हुए वृहद लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेगा। समायोजन की आवश्यकता परिवार, विद्यालय-महाविद्यालय, कार्यालय या बाहरी किसी अभियान में टीम का हिस्सा बनने पर समायोजन क्षमता ही बड़े प्रोजेक्ट या अभियान की मंजिल तक पहुंचाने में सहायक बनती है। यह आपसी भिन्नता, विचार वैषम्य के बावजूद, बिना अपने मूल्यों से समझौता किए अपने सामूहिक लक्ष्य की प्राप्ति संभव बनाती है।

स्वस्थ रिश्तों को सुनिश्चित करने के लिए समायोजन क्षमता आवश्यक हो जाती है। परस्पर सहानुभूति, लचीलेपन और संवेदी संवाद को अपनाते हुए व्यक्ति आपसी संघर्षों से निपटता है, आत्मविस्तार करता है और रिश्तों को विश्वास एवं सम्मान के आधार पर सुदृढ़ करते हुए चुनौतियों का सृजनात्मक समाधान उपलब्ध करता है।

समायोजन के महत्व से आपसी रिश्ते मधुर व मजबूत बनते हैं। परस्पर सम्मान का भाव विकसित होता है और संबंध लंबे समय तक टिकाऊ बनते हैं।

-अखंड ज्योति

## सार-समाचार

### 10 लाख के नशीले पदार्थ के साथ आरोपी गिरफ्तार



**शिवपुरी, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को स्मैक का विक्रय करते हुए धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 38.50 ग्राम स्मैक, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है, बरामद की। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल कीमत करीब 50 हजार रुपए और एक मोबाइल फोन कीमत करीब 5 हजार रुपए भी जब्त किया। कार्रवाई में कुल 10 लाख 55 हजार रुपए की सामग्री जब्त की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### करेरा थाने में विधायक निधि से लगा वाटर फ्रीजर सुधारने की उठी मांग

**दिनारा, देशबन्धु।** जल ही जीवन है और प्यासे व्यक्ति को शुद्ध एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी मानव सेवा माना जाता है। इसी सोच के साथ करेरा क्षेत्र के विधायक रमेश खटीक द्वारा विधायक निधि से करेरा थाना परिसर में आमजन की सुविधा के लिए ठंडे पेयजल का फ्रीजर लगवाया गया था। हालांकि, स्थानीय समाजसेवियों ने बताया है कि उक्त वाटर फ्रीजर पिछले कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, जिसके कारण थाना परिसर में आने वाले आम नागरिकों को ठंडे एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है। करेरा थाना क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं, शिकायतों और प्रशासनिक कार्यों को लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा का सुचारु रहना अत्यंत आवश्यक है। समाजसेवी अर्जुन पंडित ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि जनहित के उद्देश्य से लगाया गया फ्रीजर आज अपनी खराब स्थिति के कारण स्वयं उपेक्षा की कहानी बयां करता नजर आ रहा है। वहीं समाजसेवी जितेंद्र लोधी ने बताया कि करेरा थाने में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन आते हैं। कई लोग दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी पहुंचते हैं। ऐसे लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है।

### शहर में विशेष स्वच्छता अभियान तेज

**शिवपुरी,देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अर्पित वर्मा के निर्देशन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद शिवपुरी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को सुबह एवं दोपहर के समय शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, वार्डों, बाजारों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान झाड़ू लगवाने, नालियों की सफाई, डंप कचरा उठाने, सड़क किनारे जमा कचरे को हटाने तथा आवश्यक स्थानों पर सफाई एवं धुलाई की कार्रवाई की गई। सुबह के समय कोर्ट रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यहां नालियों की सफाई कराने के साथ सड़क पर झाड़ू लगवाकर कचरा हटाया गया। इसी क्रम में सर्किट हाउस रोड की नालियों की सफाई कराई गई तथा सड़क किनारे जमा कचरे को भी उठाया गया। दो बत्ती चौराहा क्षेत्र में विशेष सफाई एवं धुलाई कराकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया गया। थीम रोड मार्केट में भी सफाई अभियान चलाकर सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों से कचरा हटाया गया। नगर पालिका द्वारा सर्कुलर रोड के विभिन्न हिस्सों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पोहरी चौराहे से नक्षत्र गार्डन की ओर जाने वाले मार्ग पर सफाई कराई गई। इसके साथ ही ग्वालियर बायपास से नक्षत्र गार्डन तक सर्कुलर रोड की सफाई कराई गई। पीएस होटल से नक्षत्र गार्डन तक तथा ग्वालियर बायपास से सेंड वेंटेड स्कूल तक सर्कुलर रोड पर भी झाड़ू लगवाकर सफाई कराई गई। घोड़ा चौराहा से गुना बायपास तक दोपहर के समय सड़क की सफाई कराने के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन से कचरा उठवाया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने शिवपुरी में रखी देश के 7वें पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर की आधारशिला, कहा

# आधुनिक तकनीक और नई पीढ़ी के कौशल से सुसज्जित होगा नया केन्द्र

- डाक कर्मचारियों को अब प्रशिक्षण के लिए लगभग 6 सौ किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा
- -2 वर्षों में डाक विभाग के राजस्व में 2,155 करोड़ की अभूतपूर्व वृद्धि



**शिवपुरी, देशबन्धु।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को शिवपुरी में देश के 7वें पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर का भूमिपूजन किया। यह केन्द्र डाक विभाग के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के तंत्र को मजबूत करने के साथ मध्य प्रदेश और आसपास के राज्यों के डाक कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और नई पीढ़ी के कौशल का प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप यह केन्द्र डाक विभाग को बदलते समय की आवश्यकताओं के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना से मध्य प्रदेश के डाक कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए लगभग 600 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा। शिवपुरी में ही उन्हें आधुनिक सुविधाओं और नई तकनीकों से युक्त प्रशिक्षण उपलब्ध होगा। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि शिवपुरी का यह पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर देश में पहले से संचालित छह पोस्टल ट्रेनिंग सेंटरों की श्रृंखला का विस्तार है। वर्तमान में सहारनपुर, वडोदरा, मैसूर, गुवाहाटी, मदुरई और दरभंगा में ये केन्द्र संचालित हैं और प्रतिवर्ष लगभग 2,000 डाक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी अपनी भौगोलिक स्थिति एवं कनेक्टिविटी के कारण राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केन्द्र के लिए उपयुक्त स्थान है। यहां डाक कर्मचारियों को विशेषज्ञता आधारित, तकनीक-सक्षम और नई पीढ़ी के प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि डाक सेवा को डिजिटल बनाकर 140 करोड़ भारतीयों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जिस डाक विभाग में कभी वार्षिक राजस्व वृद्धि 100-200 करोड़ रुपये के आसपास हुआ करती थी, उसी विभाग का राजस्व वर्ष 2024 में 13,218 करोड़ था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 15,296 करोड़ हो गया। यानी केवल एक वर्ष में 2,078 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है। इस अवसर पर शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र यादव, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया, जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता रावत, कर्नल एस.एफ.एच.रिजवी , चीफ पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर, पूर्व विधायक ओम प्रकाश खटीक, प्रहलाद भारती, भैया साहब लोधी, राजू बाथम एवं हरवीर रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

**शिवपुरी सहित गुना और ग्वालियर के 3 डाकघरों का लोकार्पण:** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी प्रवास के दौरान शिवपुरी के अत्याधुनिक मुख्य डाकघर का लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया। इसके साथ ही उन्होंने गुना और ग्वालियर के तीन अन्य डाकघरों का भी लोकार्पण किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ये डाकघर नागरिकों को बेहतर, सुगम और अधिक प्रभावी डाक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। शिवपुरी का यह नया डाकघर जनसेवा कनेक्ट डाकघर पहल के मानकों पर आधारित है, जिसमें नागरिक-केंद्रित सुविधाओं, बेहतर अनुभव और सुगम सेवा वितरण का विशेष ध्यान रखा गया है।

# छात्रावास अधीक्षक निलंबित, व्यवस्थाओं में लापरवाही पर कलेक्टर की सख्ती

### इंदरगढ़ के अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का मामला

**भोपाल, देशबन्धु ।** दतिया जिले के इंदरगढ़ स्थित अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक डॉ. डी.आर. राहुल को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत निर्देश भी जारी किए हैं।तहसीलदार इंदरगढ़ द्वारा छात्रावास के निरीक्षण के बाद प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने यह कार्रवाई की। डॉ. राहुल को मध्य प्रदेश सिविल सेवा अपील, नियंत्रण एवं वर्गीकरण नियम-1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनजातीय कार्य विभाग, दतिया निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि छात्रावास में विद्यार्थियों को निर्धारित मीनू और मानकों के अनुरूप ताजा, गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता और मात्रा की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही छात्रावास परिसर, आवासीय कक्षों, रसोईघर, शौचालय और स्नानागारों की नियमित साफ-सफाई तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और बीमार छात्रों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रावास का नियमित और आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों के हितों की उपेक्षा अथवा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### रेवंत रेड्डी ने राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें सात से नौ दिसम्बर तक भारत फ्यूचर सिटी में आयोजित होने वाले इन्वेस्ट तेलंगाना ग्लोबल समिट-2026 में शामिल होने का न्योता दिया। रेड्डी ने रक्षा एक्सपो-2026 का उद्घाटन करने का भी आग्रह किया।

## राजताला में धूमधाम से मनाई लव-कुश जयंती

### कुशवाहा बने ब्लॉक अध्यक्ष



**अशोकनगर, देशबन्धु।** ग्राम राजताला में भगवान श्री लव-कुश जयंती के अवसर पर एक भव्य सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाहा, पूर्व कुश बोर्ड अध्यक्ष व अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा तथा जिलाध्यक्ष उत्तम कुशवाहा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन गरिमामयी उपस्थिति में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने और समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिलाध्यक्ष उत्तम कुशवाहा द्वारा विक्रम कुशवाहा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का अशोकनगर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर उपस्थित समाजबंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सामाजिक हितों के लिए बेहतर कार्य होंगे।

सभा के दौरान वक्ताओं ने भगवान श्री लव-कुश के आदर्शों को जीवन में उतारने, आपसी एकता और भाईचारा मजबूत करने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष सविता कुशवाहा, युवा अध्यक्ष गौरव कुशवाहा (देरखा), चंदन कुशवाहा, हंसराज कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा और नीरज पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया ग्वालियर में प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल, देशबन्धु ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जननेता और समाजसेवी स्व. रघुवीर सिंह बाबूजी ने अपना पूरा जीवन जनसेवा और नागरिक अधिकारों के संघर्ष को समर्पित किया। उनके कार्यों और आदर्शों का मूल्यांकन आने वाली पीढ़ियां करेंगी और ग्वालियर में स्थापित उनकी प्रतिमा लोगों को जनसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहे पर पूर्व विधायक एवं नगर निगम परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रघुवीर सिंह बाबूजी की प्रतिमा का अनावरण कर रहे थे। उन्होंने आकाशवाणी तिराहे का नाम बदलकर स्व. रघुवीर सिंह बाबूजी के नाम पर करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. बाबूजी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरणा ली और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्व. माधवराव सिंधिया के साथ नगर निगम से विधानसभा तक जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य किया और सदैव जनता की आवाज बुलंद की।

गोरा टीला झरने में 4 मासूमों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट

## 50 लोगों के खून के नमूने लिए, पानी की जांच शुरू

### एसडीएम ने किया मौके का निरीक्षण

**शिवपुरी, देशबन्धु।** जिले के ग्राम गोरा टीला स्थित झरने के पानी के उपयोग के बाद चार मासूम बच्चों की मौत से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस घटना में चार बच्चों की असमय मौत के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अरविंद वर्मा के निर्देश पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल जांच एवं निगरानी अभियान शुरू कर दिया है। घटना के बाद पिकनिक में शामिल रहे परिजनों और अन्य लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए करीब 50 ब्लड सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। वहीं, गोरा टीला स्थित झरने के पानी के भी सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि आखिर चार मासूम बच्चों की मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या रहा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोलारस एसडीएम शिवदयाल धाकड़ ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को क्षेत्र में व्यापक सर्वे करने और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता बरतते हुए ग्रामीणों और आसपास के लोगों से अपील की गई है कि जांच रिपोर्ट आने तक गोरा टीला झरने के पानी का किसी भी प्रकार से उपयोग न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि झरने के पानी को फिलहाल पीने, नहाने अथवा घरेलू उपयोग में न लिया जाए।

**पीड़ित परिवारों को दी गई आर्थिक सहायता:** इस दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई है। रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से प्रत्येक पीड़ित परिवार को 1 लाख 50 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है। चार मासूम बच्चों की मौत ने पूरे शिवपुरी जिले को झकझोर कर रख दिया है। अब सभी की निगाहें ब्लड और पानी की जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं, जिससे इस दर्दनाक घटना की असली वजह सामने आ सकेगी।फिलहाल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें, सावधानी बरतें और जांच पूरी होने तक गोरा टीला झरने के पानी से पूरी तरह दूरी बनाए रखें।

नरवर-सतनवाड़ा मार्ग पर रात में हुई घटना

## युवक पर बाघ ने किया हमला, हालत गंभीर



**नरवर/शिवपुरी, देशबन्धु।** नरवर-सतनवाड़ा मार्ग पर टपकेश्वर मंदिर के नीचे मंगलवार रात करीब 8 बजे एक युवक पर कथित तौर पर शेर ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम चकरमपुर निवासी विकास कुशवाहा पुत्र करण सिंह कुशवाह नरवर से मणिखेड़ा डैम की ओर जा रहा था। इसी दौरान टपकेश्वर मंदिर के नीचे अचानक कथित तौर पर शेर ने उस पर हमला कर दिया। हमले में विकास के सिर में गंभीर चोट आई और काफी मात्रा में खून बहने लगा। घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे भाजपा नेता बशर अली ने मानवता दिखाते हुए अपनी टीम के साथियों और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को तत्काल उपचार दिलाने की पहल की। उन्होंने मामले की सूचना शिवपुरी पुलिस अधीक्षक एवं सतनवाड़ा रेंजर माधव सिंह सिकरवार को दी। साथ ही घायल के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। घायल युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के बाद नरवर-सतनवाड़ा मार्ग एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवर की मौजूदगी को लेकर लोगों में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा घटना की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि युवक पर हमला किस जंगली जानवर ने किया।

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थी दिशा

## दिशा सालियान मौत की सीबीआई करेगी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने यह फैसला दिशा के पिता की याचिका पर सुनाया। इसमें उन्होंने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए थे।

दिशा की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने से हुई थी। घटना के छह दिन बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत मिले थे। दिशा केस की शुरुआती जांच करीब तीन महीने में बंद कर दी गई थी, लेकिन सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे सामने आने के बाद 2023 में इसे दोबारा खोला गया और एसआईटी बनाई गई। तब से जांच जारी है। जस्टिस एसवी कोतवाल और आरआर भोसले की बेंच ने 28 अगस्त को दिशा मामले की जांच हत्या के एंगल से कराने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हाईकोर्ट ने आज अपने फैसले में सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी को मामले की जांच की जिम्मेदारी देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सिर्फ एफआईआर में नाम होने से कोई व्यक्ति आरोपी नहीं माना जाएगा। अगर जांच में कुछ नहीं मिलता है तो सीबीआई को समरी रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। हाईकोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान, पंचनामा और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत जांच के कई पहलुओं पर सवाल उठाए।

लखनऊ में पूर्व उप मुख्यमंत्री के आवास के सामने सड़क धंसी

# 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरे बाइक सवार, घायल



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के लखनऊ में आईटी चौराहे से पहले मुख्य मार्ग पर सड़क धंस गई। इसकी वजह से बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर यह गड्ढा यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के आवास के सामने हुआ है। वहां 10 फीट से अधिक गहरा गड्ढा हो गया। इस गड्ढे में बाइक समेत 2 लोग गिरने से घायल हो गए। बाद में मौके पर मौजूद रहे स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। सड़क धंसने की वजह से यातायात भी बाधित हो गया था।

गड्ढे में गिरने वाले एक शख्स की एक पहचान नितिन प्रजापति के रूप में हुई है। नितिन ने बताया कि बीती रात जब मैं और मेरा भाई घर लौट रहे थे, तो हम दोनों एक गड्ढे में गिर गए क्योंकि बारिश के कारण वह दिखाई नहीं दे रहा था। गिरने के कारण मेरा भाई बेहोश हो गया। किसी ने मुझे गड्ढे से बाहर निकाला। बताया जाता है कि जहां गड्ढा हुआ है, वहां ठीक बगल में सांसद दिनेश शर्मा का घर है। यह गड्ढा लखनऊ यूनिवर्सिटी के ठीक बगल में, कृषि निदेशक के दफ्तर रोड के दूसरी तरफ है। और ऐसी जगह बारिश में 10 फीट का गड्ढा हो गया। फिलहाल, नगर निगम ने गड्ढा पाट दिया है लेकिन मंगलवार की बारिश ने लखनऊ के वीआईपी और बिजी इलाके की पोल खोल कर रख दी है।

पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने के निर्देश

# कलेक्टर ने केन्द्र पर खड़े रहकर कराया राशन वितरित



**शिवपुरी, देशबन्धु।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा राशन वितरण व्यवस्था की स्वयं निगरानी करते हुए शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही और पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जा रही है।

राशन वितरण से संबंधित शिकायत प्राप्त होते ही कलेक्टर वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डहरवारा राशन दुकान में निरीक्षण के दौरान वितरण एवं स्टॉक से संबंधित अनियमितताएं सामने आने पर कार्यवाही की गई। सेल्समैन सुरेंद्र सिंह रावत के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई और जेल भेजा गया है। इसके बाद कलेक्टर वर्मा स्वयं डहरवारा पहुंचे और अपनी मौजूदगी में राशन वितरण प्रारंभ करवाया, जिससे पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध हो सका।

इसी प्रकार बदरवास के बड़ोखरा में भी राशन वितरण से संबंधित शिकायत पर कलेक्टर वर्मा ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अपनी निगरानी में पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण कराया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन की उपलब्धता एवं वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और लंबित खाद्यान्न का शीघ्र वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने देहरदा सड़क पीडीएस दुकान का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर वर्मा ने राशन वितरण व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों की राशन दुकानों का नियमित एवं अनिवार्य निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की विशेष रूप से निगरानी की जाए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ राशन उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक सुगमता से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने राशन कार्डधारियों से अपील की कि राशन प्राप्त करते समय निर्धारित मात्रा के अनुसार तौल अवश्य कराएं तथा राशन प्राप्त होने के बाद ही पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाएं। किसी भी समस्या अथवा अनियमितता की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें। प्रशासन द्वारा पारदर्शी, जवाबदेह एवं हितग्राही-केंद्रित राशन वितरण व्यवस्था के लिए निरंतर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### दूसरी बार जिला कोषाध्यक्ष बने अधिवक्ता विजय गायकवाड़



**आठनेर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष किशोर बरदे द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार की अनुशंसा सहमति से मोर्चे की जिला कार्यकारणी की घोषणा बुधवार दोपहर को की गई है जिसमें नगर के वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता भाजपा नेता विजय गायकवाड को भाजपा अनुसूचित मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है । उन्हें भाजपा नेता राजेश अवस्थी पूर्व नपा अध्यक्ष सूरज राठौर, तरुण साकरे पार्षद उमेश बारस्कर , दुर्गेश बाबा आजाद सहित क्षेत्र के पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार संजय सोनी ,विलास खातरकर, विद्यानंद जी वागद्रे सुखनंदन कसरोदे देवेंद्र अमरूते भारत आजाद प्रवीण जायसवाल अल्केश सोनी मुकेश सोनी इरशाद काजी संजय सोनी ऋषभ अवस्थी विनोद कनाठे कमलाकर तायवाडेआशीष ठाकरे विशाल पिपरोले यश सोनी हेमंत नामदेव ओम प्रकाश सोनी विनोद गायकवाड रामेश्वर झपाटे दिनेश झपाटे ने बधाई दी है।

### कांग्रेस ने 54 वार्डों में नियुक्त किए अध्यक्ष, संगठन को मिलेगी ताकत

**आमला/ बैतूल, देशबन्धु।** आगामी चुनावी तैयारियों और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने आमला विधानसभा क्षेत्र में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए सारणी ब्लॉक के 36 और आमला नगर के 18 वार्डों में वार्ड अध्यक्ष एवं महिला वार्ड अध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश सह-प्रभारी उषा नायडू के निर्देश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुमति और जिला प्रभारी सुनील उइके की सहमति के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा (पूर्व विधायक) ने नियुक्तियों की घोषणा की। जारी सूची में पार्टी ने प्रत्येक वार्ड में संगठन को सक्रिय करने की जिम्मेदारी नए पदाधिकारियों को सौंपी है।

### 18 वार्डों में नियुक्तियां, कई चेहरों को मिली नई जिम्मेदारी

आमला नगर के 18 वार्डों में भी कांग्रेस ने अध्यक्ष एवं महिला वार्ड अध्यक्षों की घोषणा की है। रैदास वार्ड में सितेश सोनी और प्रमिला मदन साहू, तिलक वार्ड में गणेश वराठे और मीनाक्षी खातरकर, शास्त्री वार्ड में शिवा रामपूरे और सविता सुरे तथा विनोबा वार्ड में उमेश देशमुख और मीरा मगरदे को जिम्मेदारी दी गई है।

छत्रसाल वार्ड में दिव्यांश साहू और हसीना शेख, सुभाष वार्ड में सलीम खान और विजेता पिडलानिया, जाकिर वार्ड में विवेक पडलानिया और वैशाली पवार तथा लक्ष्मीबाई वार्ड में मारोती पाटनकर और सुनीता सेलकरे नियुक्त किए गए हैं। भगतसिंह वार्ड में अतीक खान और रेशमी सातनकर, पटेल वार्ड में सोनू वरवड़े और लीना चढ़ोकार, आंबेडकर वार्ड में शिवम आकोले और सविता टिकारे तथा टैगोर वार्ड में शैलेश जैसवाल और अर्चना अखिलेश पाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पंचायत का मनमाना रवैया : दुकानें तो बना दीं, पहुंचने में आएगा पसीना

## यातायात की बुनियादी सुविधा के खिलाफ हो रहे मनमाने निर्माण को तत्काल रोका जाए : डॉ. महेन्द्र गिरी



**बैतूल, देशबन्धु।** खेड़ी सांवलीगढ़ में बस स्टैण्ड और मुख्यबाजार को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पंचायत द्वारा किया जा रहा मनमाना निर्माण अब जन आक्रोश का कारण बनते जा रहा है। पत्रकार मिथिलेश भारती के मकान से बस स्टैण्ड और बाजार की ओर जाने वाले इस व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर पंचायत बिना सोचे समझे यातायात सुविधा की बलि चढ़ाकर तीन दुकानें बना रही है और हैरानी की बात यह है कि उसके बीच में से सीढ़ी बनाकर ऊपर और भी 5 दुकानें इसप्रकार 8 दुकानें बनाने की योजना है। यह निर्माण अदूरदर्शितापूर्ण और बुनियादी सुविधा के खिलाफ है। जिस जगह ये नई दुकानें बनाई जा रही है उसे ठीक सामने पहले से तीन निजी दुकानें है। बीच में मात्र 12 फिट की गली है। 11 दुकानों के ग्राहक उनके वाहन और बढ़ती आबादी के साथ आने जाने वालों की बढ़ती संख्या को नजरअंदाज कर ये निर्माण किया जा रहा है। इससे यातायात अवरुद्ध हो जायेगा और आम लोगों के लिए हमेशा के लिए परेशानी का कारण बन जायेगा। खेद का विषय है की पास पड़ोस और आम लोगों की आपत्ति को दरकिनार कर इंजीनियर द्वारा दिये गये अदूरदर्शितापूर्ण ले आउट को अपरिवर्तनीय निर्माण का आधार बनाकर किया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर पंचायत द्वारा किया जा रहा मनमाना निर्माण अब जन आक्रोश का कारण बनते जा रहा है। कपड़ा व्यवसायी मनोज सोनी ने बताया कि उन्होंने सरपंचपति से आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा था भविष्य की दिक्कतों को देखते हुए इन दुकानों को 3 फिट पीछे ले लो. तो उन्होंने कहा कि इंजीनियर ने ले आउट दिया है, उसको बदल नही सकते। इंजीनियर कोड़ले मान नही रहा दुकान पीछे हटाने लिए। गांव वालों को दिक्कत हो तो हो, मेरा तो अभी का काम है भविष्य में कुछ भी हो उससे मुझे मतलब नही है। वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र गिरी ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि यातायात की बुनियादी सुविधा के खिलाफ हो रहे इस निर्माण को तत्काल रोका जाये तथा रोड प्रेशर और भविष्य के यातायात दबाव का आकलन किए बिना इस तरह के निर्माण की अनुमति देने वाले अधिकारियों/इंजीनियर के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

### इनका कहना है

*मनोहर अग्रवाल* ने कहा पार्किंग की यहा व्यवस्था ही नही है। पहले उनने देखा नही, बस उठाकरके रफ एण्ड टफ वाला काम चल रहा है।... अभी तो एक जीप खड़ी है तो आदमी नही निकल पा रहा, अभी तो नाली भी बाकी है। रोड बचेगा कहा, रोड ही नही बचेगा।

*मुन्ना घोड़की* ने कहा ने भी विरोध जताते हुए कहा था कि दुकानों को आगे मत सरकाये, जरा छोटी करले तो टीन सेड भी डल जायेगा उनका। लेकिन अनसुना कर दिया।

## 96 प्रतिशत अंक लेकर जिले में टॉप करने वाले अभिषेक को सीएम ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित



**बैतूल, देशबन्धु।** कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल के छात्र अभिषेक नागले को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लैपटॉप देकर सम्मानित किया। भोपाल में 1 सितंबर को आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में अभिषेक को यह सम्मान मिला।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लेकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 1 सितंबर को मिनटो हाल के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभिषेक नागले को लैपटॉप सौंपकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिषेक ने कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बैतूल जिले में टॉप किया था। अभिषेक नागले की इस उपलब्धि से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल का भी गौरव बढ़ा है। उनकी सफलता पर परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। अभिषेक लाइफ लाइन बडोरा, बैतूल निवासी एडवोकेट दिनेश कुमार नागले के पुत्र हैं।

### शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसली में हुआ पौधरोपण

**आठनेर, देशबन्धु।** शिक्षा संजीवनी अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसली के शाला परिसर को हरित एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य संगीता कुमरे के साथ वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मी आठनेरे, किशन पंद्राम, युवराज बारंगे, कमलेश धुर्वे, दीपक गाठे, दिनेश धोटे, दीपक लोखंडे, रामदास भालेकर, जितेश पवार, शारदा कलभोर, सोलंकी मैडम, नरवरे मैडम, उघड़े सर, मौसिक सर, मालवी मैडम प्रमोद सोलंकी जय बारस्कर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षकों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

## जल वितरण व्यवस्था को देखा, फिर बोले संभागायुक्त- सभी निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्वक किये जाएं



**मुलताई, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के कमिश्नर संकेत एस. भोड़वे ने 27 अगस्त को मुलताई का दौरा किया था। उन्होंने ताप्ती कुंभ सहित शहर में चल रहे कई विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद आज बुधवार को उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को निर्देश दिए की, सभी कार्य समय पर और अच्छी क्वालिटी के साथ पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने जल सप्लाई और वाटर बॉडी से जुड़े सभी काम सितंबर महीने तक पूरे करने को कहा। राखी मार्केट के पास गीता भवन और मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए जमीन आवंटन की कार्रवाई कलेक्टर के जरिए तुरंत करवाने को कहा। कमिश्नर ने ताप्ती क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां फ्लोटिंग घाट बनाने की संभावनाओं पर काम करने को कहा। कुंड क्षेत्र में ओजोनाइजेशन फ्लोटिंग फाउंटेन और आर्किटेक्चर लाइटिंग की व्यवस्था करने को भी कहा। ताप्ती लोक कॉरिडोर के तहत प्रस्तावित सभी विकास कार्यों के लिए एक कार्य योजना बनाने को कहा। इन कामों को योजना बंद और अच्छी क्वालिटी के साथ पूरा करना है। शहर में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाने और पौधों के रखरखाव पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 योजना के तहत बने पार्क की ड्रोन से फोटोग्राफी और वीडियो ग्राफी करने को कहा।

## माताओं ने पुत्रों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखकर की हरछट पूजा



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम मासोद में बुधवार को, माताओ ने अपने पुत्रों की लंबी उम्र की कामना करते हुए, हरछठ माता का पूजन किया। सुबह से ही गांव में महिलाओं की पूजन की चहल पहल देखी गई। माताओ ने व्रत रखकर पुत्र की लंबी उम्र की प्रार्थना करते हुए, महुआ के पत्ते, मिट्टी के गडगे, में पांच प्रकार की लाई का मिश्रण, एक दूसरी महिलाओं को भेंट किया । श्रद्धालुओं में आशा जयसवाल, कुसुम जयसवाल, रेखा जयसवाल, अनुराधा सोनि, ज्योति सोनी, काजल ठाकुर, वंदना ठाकुर, ममता ठाकुर, ने बताया कि, कृष्ण पक्ष की छठ तिथि को भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। जिसके निमित्त पुत्र की लंबी उम्र के लिए दीवार पर गोबर से हरछठ माता की आकृति उकेरी गईं।, काश का पूजन किया गया पूजन के बाद ज्वार मक्का, महुआ, चना, तुवर , आदि की लाई बनाकर महुआ के पत्ते व मिट्टी के गडगे में एक दूसरे को प्रसाद के रूप में भेंट किया गया। व्रत में हल चली हुई जमीन का बोया गया अनाज, गाय का दूध ,घी का सेवन नहीं किया जाता है इसी मान्यता है कि ,हरछठ के पूजन से, पुत्र की लंबी उम्र और आने वाले कष्ट दूर हो जाते हैं। जिसके निमित्त महिलाओं ने व्रत रखकर इस पर्व पर हरछठ माता का पूजन किया।

### आमला में हलषष्ठी व्रत रख महिलाओं ने की सुख समृद्धि की कामना

**आमला, देशबन्धु।** नगर के जहवार वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को हरछठ (हलषष्ठी) का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने संतान की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। जवाहर वार्ड में यूथ कांग्रेस महासचिव संजोगी बर्थे की उपस्थिति में महिलाओं ने भगवान बलराम और माता पुष्टि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



## शिक्षा संजीवनी से प्रेरित होकर प्रभारी प्राचार्य ने विद्यालय को दिया व्यक्तिगत सहयोग

### *कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की पहल से प्रेरित होकर विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए उपलब्ध कराई आवश्यक सामग्री*



**आठनेर, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की पहल शिक्षा संजीवनी से प्रेरित होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसली की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती संगीता कुमरे ने विद्यालय विकास में अपनी सहभागिता निभाई है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत स्तर पर विद्यालय के लिए बेंच-डेस्क, पंखे, वाटर कैंपर, ट्यूबलाइट सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए इस सहयोग से छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा संजीवनी जैसी पहल विद्यालयों के विकास में समाज और विद्यालय परिवार की सहभागिता को बढ़ावा देती है। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी ओर से सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय और विद्यार्थियों के हित में किया गया प्रत्येक प्रयास महत्वपूर्ण है। बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपनी क्षमता के अनुसार विद्यालय विकास में सहयोग करने की अपील की। प्रभारी प्राचार्य की इस पहल की विद्यालय परिवार ने सराहना की। व्यक्तिगत स्तर पर किया गया यह सहयोग शिक्षा संजीवनी अभियान के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के साथ अन्य लोगों को भी विद्यालय विकास में सहभागिता के लिए प्रेरित करता है।

#### बड़ोरी की 23 हेक्टेयर से अधिक जमीन आवंटित करने की प्रक्रिया पर आपत्ति,

## औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन आवंटन का विरोध, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत जसोंदी के ग्राम बड़ोरी के ग्रामीणों ने औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रस्तावित भूमि आवंटन का विरोध करते हुए कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ोरी आदिवासी गांव है और अधिकांश परिवार कृषि कार्य पर निर्भर हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बैतूल द्वारा खसरा नंबर 33, 35 और 36 की क्रमश 9.7240, 12.6260 और 0.8980 हेक्टेयर भूमि, कुल 23.248 हेक्टेयर, औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित करने की प्रक्रिया की जा रही है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि जमीन औद्योगिक क्षेत्र में जाने से उनकी निजी कृषि भूमि तक पहुंचने वाला रास्ता बंद हो सकता है। इससे खेती के साथ पशुओं के चारे, जलावन ईंधन और ग्रामीणों की रोजमर्रा की आजीविका पर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की जांच कराकर उनकी आपत्तियों को गंभीरता से लेने और ग्रामीणों के हित में उचित निर्णय लेने की मांग की है। उनका कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास नहीं होना चाहिए जिससे गांव की खेती और आजीविका प्रभावित हो।

## जनगणना में ओबीसी के अलग कॉलम की मांग को लेकर उतरे सड़क पर

**बैतूल, देशबन्धु।** ओबीसी की जातिवार सटीक गणना और जनगणना में अलग विकल्प की मांग को लेकर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार से शुरू हो गया। डॉ. बीआर अंबेडकर चौक, नेहरू पार्क (सदर) में मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार से मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की मांग की। मोर्चा के कार्यकर्ता प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक धरने पर बैठेंगे। पहले दिन प्रदर्शन के दौरान ओबीसी की जनसंख्या की वैज्ञानिक एवं सटीक गणना, जातियों के लिए यूनिक कोड आधारित व्यवस्था और जनगणना में ओबीसी के लिए पृथक विकल्प की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

**मांगों पर निर्णय तक जारी रहेगा प्रदर्शन:**-मोर्चा ने कहा कि एससी-एसटी की तरह ओबीसी के लिए भी जनगणना में अलग विकल्प दिया जाना चाहिए। ओपन कॉलम व्यवस्था के स्थान पर राज्यवार आधिकारिक मास्टर जाति निर्देशिका तैयार कर प्रत्येक जाति को यूनिक कोड देने तथा जातिगत आंकड़ों के संकलन और सत्यापन की प्रक्रिया

### ओपन कॉलम व्यवस्था पर जताई आपत्ति

मोर्चा का कहना है कि पूर्व में अपनाई गई अनियंत्रित ओपन कॉलम व्यवस्था से जातिगत आंकड़ों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है, जिसका सीधा असर ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर पड़ता है। इसी मुद्दे को लेकर 25 अगस्त को भी प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन को अनिश्चितकालीन किया गया है।

### संगठनों और नागरिकों से शामिल होने का आह्वान

मोर्चा ने जिले के पिछड़ा वर्ग, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। मोर्चा पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखा जाएगा।

## ताप्ती नाले की जमीन से हटेगा अतिक्रमण, आज होगी कार्रवाई



**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई नगर पालिका परिषद ने नाले की जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई 3 सितंबर 2026 से करेगी। इसके लिए नगर पालिका ने बुधवार को 18 कर्मचारियों का दल गठित किया है । कार्रवाई तहसीलदार न्यायालय के पुराने अतिक्रमण हटाने के आदेश के आधार पर की जाएगी । नगर पालिका के आदेश के अनुसार खसरा नंबर 400 में 0.121 हेक्टेयर जमीन नाले के लिए दर्ज है। इस जमीन पर अतिक्रमण कर पक्के मकान बना लिए है। इसके अलावा पानी बहने वाले रास्ते को समतल कर, निजी उपयोग में लिया जा रहा है। जानकारी अनुसार 2019 में ही अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए गए थे। मामले में तहसीलदार मुलताई के न्यायालय में राजस्व केस नंबर 0026 अ/ 68 वर्ष 2017-18 था । न्यायालय ने 8 मार्च 2019 को अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था। इसमें संबंधित लोगों को तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। नगर पालिका के मुताबिक राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने पहले मौके पर निशान लगाकर अतिक्रमण वाले हिस्से पर लाल निशान भी लगाए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। अब नगर पालिका ने करवाई की पूरी तैयारी कर ली है। कार्रवाई के लिए सहायक ग्रेड 1 जी आर देशमुख को अतिक्रमण दल का प्रभारी, और प्रभारी राजस्व निरीक्षक संतोष शिवहरे को सहायक दल प्रभारी बनाया गया है।

#### महाविद्यालय में मनाया रक्षाबंधन पर्व

## विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, बलराम जयंती पर पेड़ों को बांधी राखी



**मुलताई, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में बुधवार को बलराम जयंती एवं रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. बी.आर. बारसकर एवं वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. तारा बारसकर ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रो. शुभम ठाकुर ने भगवान बलराम के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। डॉ. टी.एम. नागवंशी ने बलराम जयंती के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व तथा कृषि, श्रम और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना पर जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ममता राजपूत ने रक्षाबंधन के महत्व पर विचार रखे।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम और आपसी विश्वास का संदेश दिया। साथ ही वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. कल्पना बिसंद्रे, प्रो. दिलीप धाकड़े, प्रो. अंजली सौदागर, डॉ. दीपिका पीपरदे, प्रो. पूजा देशमुख सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली देने का ऐलान

# जिसके हाथ में हल, वही देश का असली बल : डॉ. यादव

## ढाई वर्ष में सौ लाख हेक्टेयर सिंचाई का लक्ष्य

**भोपाल/ग्वालियर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिसके हाथ में हल है, वही देश का असली बल है। किसानों के परिश्रम को मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था की शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बीज से बाजार तक और खेत से निर्यात तक किसानों के साथ खड़ी है। अगले ढाई वर्ष में प्रदेश की सिंचित कृषि भूमि का रकबा 60 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री बुधवार को ग्वालियर में बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी किसान समागम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल, शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण योजना के सरलीकरण और कृषक कवच योजना का शुभारंभ किया। साथ ही 200 नई पैक्स संस्थाओं के कार्यालय तथा अपेक्स बैंक की ग्वालियर संभागीय शाखा का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने शिवपुरी जिला केंद्रीय सहकारी बैंक को वर्तमान वित्तीय स्थिति से उबारने के लिए आवश्यक सहायता देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को खरीफ और रबी ऋण के लिए अलग-अलग छह माह में खाता पलटने की बाध्यता नहीं होगी और वे अपनी सुविधा से 12 माह में ऋण चुका सकेंगे। उन्होंने कृषि के साथ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती और कृषि प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश कृषि से एग्री-टेक और फूड प्रोसेसिंग की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। किसानों की समृद्धि ही प्रदेश की समृद्धि का आधार है।




## किसान विश्राम गृह के लिए 60 लाख रुपए मंजूर

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें रात में खेतों पर जाकर सिंचाई करने की मजबूरी से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को श्योपुर कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को ग्वालियर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने श्योपुर के किसानों से संवाद करते हुए कृषि क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कृषि उपज मंडी श्योपुर में किसानों के लिए नवीन विश्राम गृह निर्माण हेतु 60 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहुआयामी योजनाओं पर काम हो रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। खरीफ और रबी फसलों के ऋण की वापसी अवधि में भी राहत देते हुए इसे अब ऋण लेने की तारीख से एक वर्ष तक कर दिया गया है।

## पूर्व विधायक संजय शर्मा के कार्यालयों पर ईडी ने की सर्चिंग

**नरसिंहपुर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शर्मा के नरसिंहपुर और देवरी स्थित कार्यालयों सहित 14 स्थानों पर सर्चिंग की। यह कार्रवाई टोल वसूली से संबंधित बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह ईडी की टीम नरसिंहपुर पहुंची। तेंदूखेड़ा व देवरी स्थित कार्यालयों में भी सर्चिंग की और दस्तावेज खंगाले। ईडी को नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा पर गड़बड़ी की जानकारी मिली है। इस मार्ग की टोल वसूली का काम संजय शर्मा की कंपनी के पास है। बताया जाता है कि टोल वसूली में अनधिकृत सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर फर्जी टोल रसीदें तैयार की जा रही थीं।

इस प्रक्रिया के जरिए टोल से वसूली गई रकम को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आधिकारिक अकाउंटिंग सिस्टम से बाहर डायवर्ट किया गया। फोरेंसिक परीक्षण और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के रिकॉर्ड की जांच में ईडी ने अनधिकृत सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की पुष्टि की है। ईडी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, एनसीआर और कोलकाता के कई स्थानों पर परिसरों भी तलाशी ली।

### सरकार के इशारों पर काम कर रही ईडी : कांग्रेस

कांग्रेस के नरसिंहपुर शहर अध्यक्ष रोहित पटेल ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईडी सरकार के इशारों पर काम कर रही है। सरकारी एजेंसियां संजय शर्मा की लोकप्रियता और आवाज को दबा नहीं सकतीं। वे और उनके साथ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता की आवाज उठाता रहेगा।

## सार-समाचार

### पटेल ने सुनी समस्याएं कहा- प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा समाधान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक जनसमस्या का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। मंत्री पटेल ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न जनसमस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया अथवा संबंधित विभाग की कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित से जुड़े विषयों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

### जीआईएस आधारित नवाचार के लिए मध्य प्रदेश को मिला अवार्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश नगरीय विकास, सूचना प्रौद्योगिकी तथा आधुनिक तकनीकों के समन्वय से प्रशासनिक दक्षता के नए मानदंड स्थापित कर रहा है। इसी श्रृंखला में राज्य के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विकसित एकीकृत जीआईएस आधारित प्लेटफॉर्म गरुड़ के उत्कृष्ट और नवोन्मेषी उपयोग के लिए मध्यप्रदेश को प्रतिष्ठित 'अचीवमेंट इन जीआईएस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में एसरी इंडिया निदेशक अजेन्द्र कुमार ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे को यह सम्मान प्रदान किया।

### फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले में पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कश्मीर ने शिक्षा विभाग में फर्जी शिक्षक नियुक्ति आदेश के मामले में पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आरोपपत्र बडगाम के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आरपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था।

## राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम अब 19 सितंबर को



**भोपाल, देशबन्धु।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम अब 12 की जगह 19 सितंबर को होगा। कांग्रेस ने आयोजन के लिए नेहरू स्टेडियम में अनुमति चाही थी। लेकिन नगर निगम ने अदालत के आदेश का हवाला देते हुए स्टेडियम में आयोजन की अनुमति नहीं दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी इस आयोजन को राजनीतिक विवाद नहीं बनाना चाहती। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए नया मैदान तैयार करना होगा और जो भी स्थान उपलब्ध कराएगा, कांग्रेस वहां आयोजन करेगी।

पटवारी ने कहा कि यह कोई सामान्य राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों की शिक्षा, उनके भविष्य और रोजगार से जुड़े सवालों को उठाने का मंच है। राहुल गांधी ने देश के युवाओं और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों की लड़ाई शुरू की है। उन्होंने दावा किया कि 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# भाजपा लोकतंत्र की आवाज को दबाने का कर रही प्रयास : चौधरी

### रोकने से सवाल खत्म नहीं होंगे : पटवारी



**इंदौर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार को छात्रों और युवाओं की आवाज से डरने के बजाय उसे सुनना चाहिए। 'छात्रों की गूंज' पूरी तरह युवाओं के सवालों और उनके भविष्य से जुड़ा कार्यक्रम है। लोकतंत्र में किसी भी विचार या संवाद से डरने के बजाय उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में देशभर में विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद कर रहे हैं। 'छात्रों की गूंज' का उद्देश्य युवाओं के सपनों, उनकी समस्याओं और शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े सवालों को सामने लाना है। पटवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम किसी राजनीतिक दल के प्रचार का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि देश के भविष्य, युवाओं के सपनों, शिक्षा के अधिकार और शिक्षा व्यवस्था की सुरक्षा से जुड़ा सार्थक संवाद है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि आयोजन के महत्व को समझते हुए नेहरू स्टेडियम उपलब्ध कराया जाए।

### कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने की मैराथन बैठक

राहुल गांधी के 19 सितंबर को प्रस्तावित इंदौर दौरे और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की मैराथन बैठक आयोजित की गई। राजनीतिक मामलों की समिति की इस बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ इंदौर एवं उज्जैन संभाग के कांग्रेस अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ संगठनों के पदाधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि 19 सितंबर का आयोजन छात्रों और युवाओं की अधिकतम भागीदारी के साथ ऐसा मंच बने। बैठक में हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, राहुल गांधी के सुरक्षा सलहाकर के.बी बैजू, मनोज त्यागी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, अजय सिंह, ओमकार सिंह मरकाम, कांतिलाल भूरिया, सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, शोभा ओझा, सत्य नारायण पटेल, विजय लक्ष्मी साधो, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विधायक, जिला अध्यक्ष एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## किसानों व शिक्षकों पर दर्ज आपराधिक मामले वापस लेगी तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने मई 2021 से अप्रैल 2026 के बीच अपनी आजीविका, अधिकारों और अन्य वैध मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले किसानों और शिक्षकों के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों को वापस लेने की घोषणा की है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने विधानसभा में नियम 110 के तहत इस निर्णय की घोषणा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने और सरकार तथा आम नागरिकों के बीच विश्वास का पुनर्निर्माण करने का प्रयास बताया। यह आदेश तिरुवनमलाई जिले में प्रस्तावित तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम के औद्योगिक एस्टेट का विरोध करने वाले किसानों के खिलाफ दायर मामलों को कवर करेगा। वहीं जानकारी देते हुए बताया कि कांचीपुरम जिले के परंदूर में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के खिलाफ लंबे समय तक चले आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मामले भी वापस ले लिए जाएंगे। परंदूर और आसपास के गांवों के निवासियों ने हवाई अड्डे की परियोजना के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, उनका तर्क था कि इससे उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण होगा, जल निकायों को नुकसान होगा और आय के पारंपरिक स्रोत नष्ट हो जाएंगे।

# घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल' से गूंजेगा प्रदेश, कृष्णमय होगा माहौल

- जन्माष्टमी पर 55 जिलों के 111 स्थलों पर सांस्कृतिक आयोजन
- 75 सौ से अधिक मंदिरों की होगी विशेष साज-सज्जा

**भोपाल, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मध्य प्रदेश इस बार व्यापक सांस्कृतिक उत्सव का साक्षी बनेगा। संस्कृति विभाग के श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा 4 सितंबर को 'श्रीकृष्ण पर्व' का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। 'घर-घर गोकुल, घर-घर गोपाल' की संकल्पना के साथ प्रदेश के सभी 55 जिलों में 111 स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

प्रदेश के 7500 से अधिक श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की जाएगी, जबकि 1500 से अधिक स्थानीय कलाकार श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, मित्रता और सांस्कृतिक परंपराओं पर केंद्रित प्रस्तुतियां देंगे। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में 101 से अधिक बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बच्चों को माखन-मिश्री, लड्डू गोपाल की प्रतिमा और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर केंद्रित पुस्तकें भेंट करेंगे।

राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि श्रीकृष्ण पर्व का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रदेश की सांस्कृतिक जड़ों और गौरवशाली विरासत से जोड़ना है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम और नारायणा धाम, धार के अमझेरा, महू के जानापाव, रायसेन के जामगढ़ सहित अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष आयोजन होंगे। जानापाव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव परशुराम-श्रीकृष्ण लोक का भूमि पूजन करेंगे। वहीं नारायणा धाम में पांच दिवसीय सांस्कृतिक श्रृंखला में कृष्ण-सुदामा मित्रता, गुरु-शिष्य परंपरा, माखन चोरी, बाल लीला और गीता उपदेश जैसे प्रसंग मंचित किए जाएंगे। प्रदेशभर में रासलीला, नृत्य-नाटिका, भजन और लोकगायन के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है। इस अवसर पर कृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीराम तिवारी भी मौजूद थे।

फर्जी वकालतनामे संबंधी मामले में कोर्ट सख्त

## शिक्षक को वकील बताने का आरोप, हाईकोर्ट ने दिए जांच के आदेश

### शिक्षा विभाग, जेल प्रशासन और स्टेट बार काउंसिल से 30 दिन में रिपोर्ट तलब

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने फर्जी वकालतनामे और शपथपत्र में कथित रूप से गलत जानकारी देने के गंभीर मामले में कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनीन्द्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने पाया कि जिस नीरज कुमार साकेत को अधिवक्ता बताया गया था, वह वास्तव में रीवा जिले के सरकारी स्कूल में अंग्रेजी के गेस्ट लेक्चरर, ग्रेड टू के पद पर कार्यरत हैं। कोर्ट ने अधिवक्ता राम प्रकाश यादव के शपथपत्र में नीरज साकेत को अधिवक्ता बताए जाने को प्रथमदृष्टया गलत जानकारी माना। हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग, रीवा सेंट्रल जेल प्रशासन व एमपी स्टेट बार काउंसिल को अलग-अलग जांच कर 30 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई में यह भी सामने आया कि नीरज साकेत ने राम प्रकाश यादव के लिए 30 वकालतनामे प्राप्त किए थे। कोर्ट ने कहा कि यदि उनका किसी आरोपित से पारिवारिक संबंध भी हो, तो अन्य आरोपितों के वकालतनामे प्राप्त करने का अधिकार नहीं बनता। कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत जानकारी के अनुसार रीवा सेंट्रल जेल से अधिवक्ता राम प्रकाश यादव के लिए 300 से अधिक वकालतनामे प्राप्त किए गए। हाईकोर्ट ने मामले की जांच के निर्देश दिए। रीवा जेल के तत्कालीन अधीक्षक की भूमिका की भी जांच होगी, जबकि स्टेट बार काउंसिल अधिवक्ता के खिलाफ गलत शपथपत्र के मामले में कार्रवाई करेगी।

# विवि से राजीव गांधी का नाम हटाए जाने पर कांग्रेस नेताओं ने जताया कड़ा एतराज

## इतिहास मिटाने की कोशिश कर रही सरकार : पटवारी

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को 3 हिस्सों में बांटने और राजीव गांधी का नाम हटाने पर कड़ा एतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार तकनीकी शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर रही है या इतिहास मिटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का नाम हटाया जा सकता है, लेकिन देश के लिए उनका योगदान नहीं मिटाया जा सकता। कांग्रेस नेता ने इसे भाजपा सरकार की संकीर्ण मानसिकता बताते हुए चेतावनी दी कि सरकार आज जैसा करेगी, भविष्य में वैसा ही परिणाम भुगतेगी।

### सरकार की ओछी मानसिकता : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इसे भाजपा सरकार की ओछी मानसिकता बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में सूचना क्रांति और कंप्यूटर के युग का सूत्रपात राजीव गांधी ने किया था। भाजपा खुद तो कोई नया काम कर नहीं पाती, बस नाम और नाम पट्टिकाएं बदलने में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि याद रहे कल के बाद परसों भी आता है। हर अच्छे-बुरे काम का हिसाब होता है। आप नाम बदलकर इतिहास नहीं बदल सकते।

### नाम हटाना राजनीति से प्रेरित : अजय

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने और उससे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रेरित कदम बताते हुए कहा कि नाम बदल देने से इतिहास के पन्नों और जनता के दिलों से राजीव गांधी के योगदान को मिटाया नहीं जा सकता। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत इस प्रतिष्ठित संस्थान को विलोपित किया जा रहा है।

### दिलों से नहीं हटाया जा सकता राजीव का नाम : सिंघार

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का नाम बदलने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम किया। इस वजह से आज विश्व में हमारा नाम है। सिंघार ने कहा कि राजीव गांधी का नाम किसी संस्था से हटाया जा सकता है, लेकिन लोगों के दिलों से नहीं हटाया जा सकता है। उन्होंने सरकार से पूछा कि विश्वविद्यालय का नाम बदलने से छात्रों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को क्या फायदा होगा?

## राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ की तैनाती का कोई मतलब नहीं : प्रसाद

**लखनऊ, एजेंसी।** अयोध्या से समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने महाराष्ट्र एसआईआर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सीईओ की तैनाती और नेपाल बाढ़ पर प्रतिक्रियाएं दी। श्रीराम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा सीईओ की तैनाती किए जाने पर अवधेश प्रसाद ने कहा कि सीईओ की तैनाती का कोई मतलब नहीं है। इस पद पर चाहे आईएएस हो या आईपीएस, उसे सरकार के दबाव में काम करना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंदा चोरी का खुलासा किया था। इस खुलासे को 2 महीने से अधिक हो गए हैं, लेकिन कारगर और सार्थक काम नहीं हुआ है। हालांकि, बड़ी मछलियों को बचाने का काम किया गया है। यह चोरी और डकैती प्रभु श्रीराम दरबार की है। सरकार भले ही आरोपियों को बचा ले, लेकिन वे बचेंगे नहीं। जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब किसी शक्ति का उदय होता है। महाशक्ति ही पापियों का नाश करती है। यहां तो प्रभु श्रीराम स्वयं विद्यमान हैं, इनका नाश होना है।

# चित्रकूट में बाढ़ पीड़ितों के बीच लगातार राहत पहुंचा रही राज्यसभा सांसद तन्खा की टीम



**चित्रकूट, देशबन्धु।** चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के मार्गदर्शन में राहत अभियान लगातार जारी है।

उनकी टीम द्वारा प्रभावित गांवों एवं आदिवासी बस्तियों में घर-घर पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री,कपड़े सहित आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में आज देवलहा कोलान एवं मिचकुरिन आदिवासी बस्ती में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को साड़ियां और राशन सामग्री वितरित की गई। कांग्रेस नेता एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव आशुतोष द्विवेदी ने स्वयं प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। राहत अभियान के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक लगातार आवश्यक सामग्री पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा और सहयोग का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। बाढ़ प्रभावित परिवारों ने राहत सामग्री मिलने पर राज्यसभा सांसद तन्खा और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सहयोगी भी उपस्थित रहे।

निर्माण, परीक्षण और नवाचार का प्रस्तुत किया रोडमैप

# प्रदेश को बनाया जाएगा ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रमुख केंद्र

## ड्रोन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ किया मंथन




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश को ड्रोन निर्माण, परीक्षण, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) द्वारा आईआईएसईआर भोपाल एवं ड्रोन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों के साथ उच्चस्तरीय इंडस्ट्री राउंडटेबल आयोजित किया गया। प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेल्वेंद्रन ने चर्चा में सहभागिता करते हुए ड्रोन क्षेत्र के विकास, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन की प्राथमिकताओं को साझा किया।

राउंडटेबल में ड्रोन क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों, स्टार्टअप्स, उद्योग संगठनों, अनुसंधान संस्थानों और इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इनमें गरुड़, डीएफआई, आइडियाफोर्ज, एनएफएसयू, प्रखर और आईजेडआई सहित अनेक कंपनियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिभागियों ने प्रदेश में ड्रोन निर्माण, परीक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए सशक्त इकोसिस्टम विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में ड्रोन क्षेत्र के लिए आवश्यक अधोसंरचना, परीक्षण एवं प्रमाणन सुविधाएं, कौशल विकास, अनुसंधान सहयोग और ग्वालियर में प्रस्तावित ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग क्लस्टर के विकास पर विस्तार से चर्चा हुई।

राउंडटेबल में आईआईएसईआर भोपाल में ड्रोन टेक्नोलॉजी आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के राज्य शासन के निर्णय को सराहा गया। इसका उद्देश्य उन्नत अनुसंधान, उत्पाद विकास, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, प्रौद्योगिकी सत्यापन और नई पीढ़ी के ड्रोन अनुप्रयोगों को बढ़ावा देना है। जुलाई 2026 में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने लगभग 85.51 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को स्वीकृति दी है। ग्वालियर में प्रस्तावित ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग क्लस्टर में ड्रोन निर्माण, प्रोटोटाइपिंग, कंपोनेंट टेस्टिंग, प्रमाणन और फ्लाइट टेस्टिंग के लिए एकीकृत अधोसंरचना विकसित की जाएगी। इंडस्ट्री राउंडटेबल से प्राप्त सुझावों को प्रदेश के ड्रोन इकोसिस्टम के विकास के लिए तैयार किए जा रहे रोडमैप में शामिल किया जाएगा। ये सुझाव ग्वालियर क्लस्टर, आईआईएसईआर भोपाल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसर सृजित करने की आगामी पहलों के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2025 के महत्व को भी रेखांकित किया गया। नीति का उद्देश्य निवेश, नवाचार, कौशल विकास, प्रमाणन सहयोग तथा कृषि, लॉजिस्टिक्स, अधोसंरचना, सुशासन, आपदा प्रबंधन और औद्योगिक अनुप्रयोगों में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।